दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी


शुरू हुई रश्मिका और विजय......


गोविंदा के साथ ......

वर्ष : 12 अंक : 42 लखनऊ, 03 फरवरी, मंगलवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## एसटीटी में वृद्धि को लेकर बोलीं सीतारमण
# खुदरा निवेशकों के 90% से अधिक सट्टेबाजी वाले सौदों में नुकसान से बचाएंगे

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/नई दिल्ली,

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि हमने केवल वायदा एवं विकल्प व्यापार को ही छुआ है। जिसमें काफी सट्टेबाजी है। मुझे कई लोगों के फोन आए हैं, जो कह रहे हैं कि उनके बच्चे भारी नुकसान उठा रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। एफएंडओ में एसटीटी की वृद्धि लोगों के इस क्षेत्र में कदम रखने को हतोत्साहित करेगी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निवेश को प्राथमिकता दी गई है और राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करने के एक दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण है और कई केंद्रीय बैंक पीली धातु में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे यह भी पता चलता है कि निवेशकों को किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं है और इसीलिए सोने की खरीदारी में होड़ मची है।

### सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण

सार्वजनिक कंपनियों के अधिक विनिवेश को प्रोत्साहित करेंगे

### सेबी ने भी सट्टेबाजी रोकने के लिए कदम उठाए


केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में वृद्धि के बारे में वित्त मंत्री ने कहा कि यह सट्टेबाजी वाले वायदा एवं विकल्प कारोबार में कदम रखने वालों को हतोत्साहित करने के लिए है। उन्होंने कहा कि सेबी के अध्ययन के अनुसार, वायदा एवं विकल्प खंड में खुदरा निवेशकों के 90 प्रतिशत से अधिक सौदों में नुकसान होता है। पूंजी बाजार नियामक ने अतीत में इस तरह के लेन-देन को कम करने के लिए कदम भी उठाए हैं। सीतारमण ने कहा कि हमने केवल वायदा एवं विकल्प व्यापार को ही छुआ है। जिसमें काफी सट्टेबाजी है। मुझे कई लोगों के फोन आए हैं, जो कह रहे हैं कि उनके बच्चे भारी नुकसान उठा रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

### 4.3 प्रतिशत राजकोषीय घाटे से संतुष्ट

सीतारमण ने कहा कि बजट में राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए, अगले वित्त वर्ष के लिए, राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए यह 4.4 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है, इसलिए मैं 4.3 प्रतिशत के घाटे के लक्ष्य से संतुष्ट हूं।

### आईडीबीआई बैंक का विनिवेश सही दिशा में

वित्त मंत्री ने कहा कि विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण की गति जारी रहेगी। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के अधिक विनिवेश को प्रोत्साहित करेगी। आईडीबीआई बैंक का रणनीतिक विनिवेश सही दिशा में है और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में हिस्सेदारी की बिक्री की गति गैर-कर राजस्व की दिशा तय करेगी। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में जीएसटी दर में कटौती और आयकर छूट सीमा में वृद्धि के कारण हाल ही में निजी उपभोग में जो वृद्धि हुई है, वह आगे भी जारी रहेगी।

### आईबीसी संशोधन विधेयक बजट सत्र के दूसरे चरण में

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार की 9 मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने की योजना है। संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। दिवाला कानून में प्रस्तावित संशोधन समयबद्धता और दक्षता को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे। साथ ही भारत की ऋण शोधन व्यवस्था को वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप बनाएंगे।

## खबर संक्षेप

### पुणे पोर्श हादसे में तीन आरोपियों को जमानत



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के चर्चित पुणे पोर्श कार हादसा मामले में तीन आरोपियों को जमानत दे दी है। इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। कोर्ट ने इस दौरान अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में माता-पिता की जिम्मेदारी भी तय होती है, क्योंकि वे अपने नाबालिग बच्चों पर सही नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं।

### 4 जगहों पर शिंदे गुट की महिला प्रत्याशी मेयर



मुंबई। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने ठाणे, कल्याण-डोंबिवली और उल्हासनगर नगर निगमों में मेयर पद के लिए महिला उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। इन पदों पर कोई आरक्षण नहीं है, फिर भी पार्टी ने महिलाओं पर भरोसा जताया है। एकनाथ शिंदे ने बयान में यह जानकारी दी है।

### बिट्स पिलानी कैंपस में छात्रा ने की आत्महत्या



गोवा। दक्षिण गोवा के बिट्स पिलानी कैंपस में एक छात्रा के कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय छात्रा इंजीनियरिंग की तीसरे वर्ष की छात्रा थी। वह रविवार देर रात अपने हॉस्टल कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई पाई गई। पुलिस को रात 11:00 बजे सूचना मिली।

### जावेद बोले धर्म से नैतिक समाज नहीं बनता



नई दिल्ली। गीतकार जावेद अख्तर ने कहा कि मैं धार्मिक लोगों की बहुत इज्जत करता हूं, जो आमतौर पर अच्छे इंसान भी होते हैं। हालांकि, धर्म अपने आप में जरूरी रूप से नैतिक समाज पैदा नहीं करता है। उन्होंने कहा कि अगर सिर्फ धर्म ही नैतिक व्यक्ति बनाता तो मिडिल ईस्ट ज्यादा शांतिपूर्ण हो गया होता।

# अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं, दोषियों पर करें कड़ी कार्रवाई

संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में एक-एक कर सभी प्रार्थियों से उन्होंने मुलाकात की और उनके प्रार्थना पत्र लिए। सीएम ने जनता की समस्याओं के उचित निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों, राजस्व से जुड़े अधिकारियों व पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए लोगों की समस्याएं सुनें और जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करें। जनता दर्शन में पहुंची एक बच्ची ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सैल्यूट किया। इस पर सीएम योगी ने उसे आशीर्वाद देते हुए खूब मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष जनता दर्शन में अवैध कब्जे से जुड़े कुछ प्रकरण भी आए। सीएम ने सभी लोगों की बातें सुनीं, फिर प्रार्थना पत्र लेते हुए उचित कार्रवाई का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने जनपदों में तैनात अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे वहां भी समस्याएं सुनते हुए प्रार्थियों को न्याय दिलाएं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। जनता दर्शन में एक महिला अपने बच्चे के साथ पहुंचीं। उनके बच्चे का केजीएमयू में इलाज चल रहा है। महिला ने मुख्यमंत्री से इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता दिलाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ प्रदेशवासी मेरा परिवार हैं। सरकार सभी के सुख-दुख में खड़ी है। पहले दिन से ही इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। आगे भी यह क्रम चलता रहेगा। धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अभिभावकों के साथ कुछ बच्चे भी पहुंचे। प्रार्थियों से मिलने के क्रम में मुख्यमंत्री एक महिला के पास पहुंचे और उनका प्रार्थना पत्र लिया। महिला के साथ आई बच्ची ने सीएम योगी को देख उन्हें सैल्यूट किया। इस पर सीएम योगी ने मुस्कुराते हुए बच्ची से उसका नाम और पढ़ाई के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को चॉकलेट दी और कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। जनता दर्शन में मां के संग आई एक बच्ची ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कविता सुनाई। बच्ची की कविता सुनकर मुख्यमंत्री ने उसकी खूब तारीफ की। सीएम ने बच्ची से पूछा कि स्कूल जाएगी, मेहनत से पढ़ेगी? बच्ची के हां कहने पर सीएम ने एडमिशन कराने का आदेश दिया। बच्ची ने सीएम योगी को कविता भी सुनाई-हम शेर बच्चे, शेर बच्चे, शेर बच्चे हैं। हम छोटे हैं तो क्या हुआ, हम दिल के सच्चे हैं। हम बड़े होकर देश की शान बढ़ाएंगे। जय हिंद। कविता सुनकर सीएम ने बच्ची का उत्साहवर्धन भी किया।

## अन्त: फसली खेती को मिशन मोड में लागू करें

संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश को कृषि क्षेत्र में नई छलांग दिलाने का सबसे प्रभावी तरीका 'गन्ना के साथ तिलहनी एवं दलहनी अन्तःफसली खेती' को बड़े पैमाने पर लागू करना है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल गन्ना किसानों की आय को केवल दोगुना नहीं, बल्कि 'बहु-गुणित' करने की क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री सोमवार को इस विषय पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गन्ने के साथ सरसों, मसूर, उर्द और मूंग जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की अंतःफसल किसानों को अतिरिक्त उत्पादन, कम लागत और पूरे वर्ष स्थिर आय उपलब्ध कराती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अधिक मजबूत होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कृषि योग्य भूमि का क्षैतिज विस्तार अब संभव नहीं है, इसलिए ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य के लिए उत्पादन बढ़ाने का एकमात्र रास्ता इकाई क्षेत्रफल से अधिक फसल उत्पादन है। उन्होंने कहा कि 'गन्ना आधारित अंतःफसली खेती उत्तर प्रदेश के कृषि भविष्य का नया मॉडल है। यह किसानों को अधिक उत्पादन, अधिक कमाई और जोखिम से सुरक्षा तीनों प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने इस योजना को वर्ष 2026-27 से 2030- 31 तक मिशन मोड में लागू करने के निर्देश दिए। वर्तमान में प्रदेश में 29.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने की खेती होती है, जिसमें 14.64 लाख हेक्टेयर नया बोया गया क्षेत्र और 14.86 लाख हेक्टेयर पेड़ी शामिल है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े क्षेत्र में तिलहन और दलहन की अंतःफसल जोड़ने से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और साथ ही प्रदेश एवं देश की तिलहन-दलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को नई मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विश्वविद्यालयों के माध्यम से क्रियान्वित करते हुए अंतःफसल का चयन वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक आधार पर किया जाए। उन्होंने आईआईएसआर की सिफारिशों के अनुसार रबी सीजन में सरसों और मसूर तथा जायद सीजन में उर्द और मूंग को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ने की पैदावार प्रभावित किए बिना अतिरिक्त फसल, अतिरिक्त लाभ और अतिरिक्त सुरक्षा, यही इस मॉडल की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने इस योजना के लिए वर्षवार रोडमैप तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अतिरिक्त उत्पादन सीधे किसानों की आय में वृद्धि करेगा और राज्य के जीवीए में बड़ा योगदान देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सहायता और अनुदान का ढांचा स्पष्ट होना चाहिए।

## नयी और आधुनिक 'बीज नीति' समय की मांग

संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कृषि उत्पादन की वास्तविक शक्ति उच्च गुणवत्ता वाले, भरोसेमंद और प्रमाणित बीजों में निहित है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के लिए नई और आधुनिक 'बीज नीति' समय की मांग है। भूमि जोत लगातार घट रही है, ऐसे में ध्यान केवल रकबे पर नहीं, बल्कि प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाने पर होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि उच्च उपज, रोग-प्रतिरोधी और जलवायुसहिष्णु किस्मों के विकास को प्राथमिकता देते हुए ऐसी बीज नीति तैयार की जाए जो आने वाले वर्षों की कृषि चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करे। बीज नीति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने अगले पांच वर्षों के लिए प्रदेश की बीज उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और उपलब्धता को नए स्तर तक ले जाने के लिए ठोस रोडमैप तैयार करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीज उत्पादन, प्रसंस्करण और भंडारण की पूरी प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग आवश्यक है, ताकि प्रमाणित बीज की कमी न हो और किसान सशक्त बन सकें। मुख्यमंत्री ने भरोसेमंद बीज आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर बीज की एंड-टू-एंड ट्रेसेबिलिटी को लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिलावटी या अमानक बीजों के प्रति कोई भी ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। किसानों तक पहुंचने वाला हर बीज पैकेट प्रमाणित, परीक्षणित और पूरी तरह मानक होना चाहिए। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालयों, आईसीएआर संस्थानों, उपकार तथा निजी बीज उद्योग को एक साझा मंच पर लाकर बीज अनुसंधान, नवाचार और किस्म-रिलीज प्रक्रिया को तेज करने की आवश्यकता बताई।

### एसआईआर पर चुनाव आयोग से मिलीं ममता
## बोलीं- बंगाल को निशाना बना रहे, आयुक्त अहंकारी और झूठे


आयोग के कार्यालय के बाहर ममता बेनर्जी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने दिल्ली के चुनाव आयोग कार्यालय से बाहर आते ही विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि वह इस पूरे मामले से बहुत दुखी हैं। ममता ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने बंगाल को विशेष रूप से निशाना बनाया है और 58 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए, जबकि उन्हें अपनी बात रखने का मौका नहीं दे रहे। उन्होंने कहा मैं लंबे समय से दिल्ली की राजनीति में शामिल हूं। मैं 4 बार मंत्री और 7 बार सांसद रह चुकी हूं। मैंने कभी ऐसा अहंकारी और झूठ बोलने वाला चुनाव आयुक्त नहीं देखा। मैंने उन्हें कहा कि मैं आपके पद का सम्मान करती हूं क्योंकि किसी भी पद की स्थायित्व नहीं होती। एक दिन आपको जाना होगा।

### 58 लाख लोगों के नाम सूची से हटाए

ममता बेनर्जी ने कहा कि चुनाव आयोग ने सही योजना के बिना राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया लागू की, जबकि चुनावी राज्यों को छोड़ देना चाहिए था। अगर एसआईआर करनी थी, तो पहले चुनाव से बंधे राज्यों को छोड़कर सही योजना के साथ करनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। असम में भाजपा की सरकार है, वहां एसआईआर नहीं की गई, लेकिन पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में इसे लागू किया गया। इसका परिणाम हमारे लिए बहुत भारी पड़ा। उन्होंने आगे कहा 58 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। बहुत सारी गड़बड़ियां और मिसमैपिंग हुई है। अगर हमें 2022 में एसआईआर करनी होती और अपने पिता के जन्म प्रमाणपत्र लाने पड़ते, तो यह संभव नहीं होता।

### ईडी की याचिका खारिज करने की मांग

ममता बेनर्जी के लिए चुनावी रणनीति बनाने वाली कंपनी आई-पैक के दफ्तर पर पड़े ईडी के छापों के बीते दिनों बंगाल की राजनीति को गरमा दिया था। अब इस मामले में ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। ममता सरकार ने सर्वोच्च अदालत में पेश किए गए हलफनामे में ईडी की याचिका खारिज करने की मांग की है। ममता सरकार ने कहा है कि ईडी की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। जब इसी तरह की याचिका कलकत्ता हाई कोर्ट में लंबित है तो समानांतर कार्रवाई नहीं हो सकती। हलफनामे में ममता सरकार ने लिखा है की ईडी के पास सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका फाइल करने के लिए मौलिक अधिकार नहीं हैं। ईडी के पास औचक सर्च और सीजर करने का अधिकार नहीं है। सर्च से पहले कोई प्रभावी नोटिस नहीं दिया गया।

### मणिपुर में सरकार गठन की प्रक्रिया तेज
## विधायक दल का 'नेता' चुनने के लिए चुघ केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,


तरुण चुघ
रा. महासचिव

भारतीय जनता पार्टी ने मणिपुर में नए सीएम के चयन की प्रक्रिया आरंभ कर दी है, और इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को विधायक दल का नेता चुनने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। यह कदम राज्य में राष्ट्रपति शासन की समय सीमा नजदीक आने के बीच उठाया गया है, जिससे एनडीए द्वारा एक लोकप्रिय सरकार को फिर से स्थापित करने के संकेत मिल रहे हैं। चुघ की नियुक्ति के बाद संकेत मिलता है कि भाजपा राष्ट्रपति शासन की समाप्ति से पहले एक निर्वाचित सरकार को बहाल करने की तैयारी कर रही है। राज्य में राष्ट्रपति शासन के छह महीने के विस्तार की समाप्ति 12 फरवरी को हो रही है। राज्य विधानसभा में 60 सदस्यों में से भाजपा के 37 विधायक हैं। एनडीए के सहयोगी दल एनपीपी के 6 और नागा पीपुल्स फ्रंट (एपीएफ) के 5 विधायक हैं।

### कर्नाटक में गर्मायी सियासत
## बदला उर्दू स्कूलों का समय, भाजपा बोली-हिंदू त्योहरों में क्या दी थी छूट?

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,


मदरसे में बच्चे पढ़ाई करते

रमजान में प्रदेश के उर्दू स्कूलों का टाइम टेबल बदलने और जल्दी स्कूल बंद करने को लेकर शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है, जिस पर अब एक नया विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा की तरफ से कर्नाटक की कांग्रेस शासित सरकार पर सवाल उठाए गए और ये पूछा गया कि आखिर हिंदुओं के त्योहारों में सरकार द्वारा इस तरह की छूट क्यों नहीं दी जाती है? कर्नाटक में उर्दू और अन्य अल्पसंख्यक भाषा विद्यालयों के निदेशालय के एक निर्देश के अनुसार, रमज़ान के महीने में राज्य के उर्दू माध्यम के प्राथमिक और माध्यमिक प्राथमिक विद्यालयों के बंद होने का समय रमज़ान के महीने की शुरुआत से एक महीने के लिए सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक बढ़ा दिया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि लेकिन क्या आपने किसी हिंदू त्योहार के दौरान ऐसी कोई छूट दी है?

## बदरीनाथ मंदिर ने ओढ़ी बर्फ की चादर


चमोली। उत्तराखंड के चमोली जिले में सोमवार को ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच बदरीनाथ मंदिर दिखाई दे रहा है। इस समय बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद हैं। इस साल बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को सुबह 6:15 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम 19 अप्रैल को खुलेंगे, जबकि केदारनाथ धाम की तिथि महाशिवरात्रि पर घोषित होगी।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को दिया तीन तलाक, छह पर केस

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर पति द्वारा तीन तलाक देकर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रायबरेली जनपद के सलोन थाना क्षेत्र निवासी अंजुम का निकाह 20 नवंबर 2011 को मलिहाबाद थाना क्षेत्र के केवलहार गांव निवासी मो. सगीर खान से हुआ था। पीड़िता के अनुसार, निकाह के शुरूआती कुछ दिन सामान्य रहे, लेकिन इसके बाद पति और ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न शुरू कर दिया। आरोप है कि दहेज के लिए आए दिन मारपीट की जाती थी।

महिला ने इसकी जानकारी मायके पक्ष को दी, जिसके बाद रिश्तेदारों की मौजूदगी में दोनों परिवारों के बीच समझौता भी कराया गया, लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। पीड़िता का आरोप है कि 25 जनवरी को एक बार फिर ससुरालवालों ने दो लाख रुपये की मांग की। असमर्थता जताने पर उसके साथ मारपीट की गई और पति ने तीन तलाक कहकर उसे घर से निकाल दिया। बताया गया कि जब पीड़िता की मां सुलह के उद्देश्य से ससुराल पहुंचीं तो उनके साथ भी मारपीट की गई। किसी तरह जान बचाकर वह थाने पहुंचीं और पुलिस को घटना की सूचना दी।इस संबंध में इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति मो. सगीर खान सहित ससुराल पक्ष के नफीस, अब्दुल, निशा, रुतबा और सऊद खान के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## किसान क्रांति पदयात्रा का स्वागत

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) की किसान क्रांति पदयात्रा सोमवार को जैसे ही निगोहां कस्बे में पहुंची किसानों व ग्रामीणों ने जगह-जगह फूलमालाओं पुष्प वर्षा और नारों के साथ प्रदेश प्रभारी किसान नेता ऋषि मिश्रा का जोरदार स्वागत किया पूरा कस्बा जय जवानझजय किसान और किसान एकता जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पदयात्रा के साथ भारी पुलिस बल भी तैनात रहा यह पदयात्रा रविवार को गोसाईगंज ब्लॉक से प्रारंभ हुई जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया हजारों किसान हाथों में झंडे बैनर और तख्तियां लेकर इस ऐतिहासिक यात्रा में शामिल पदयात्रा गोसाईगंज से चलकर अमेठी गंगागंज बहरौली हरदोईया होते हुए नगराम पहुंची जहां रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को नगराम से समेसी रामपुर होते हुए निगोहां कस्बे में प्रवेश किया निगोहां कस्बे में



भगवानपुर पूर्व प्रधान अंकुर मिश्रा (निशु) और समाजसेवी अधिवक्ता अंकित मिश्रा द्वारा पदयात्रा का भव्य स्वागत किया गया वहीं मस्तीपुर स्थित गुरु कृपा रेस्टोरेंट पर जगदीश द्विवेदी ने किसानों का आत्मीय स्वागत किया, इसी क्रम में निगोहां प्रेस क्लब में भी किसान नेताओं का भव्य स्वागत हुआ प्रेस क्लब संरक्षक मुकेश द्विवेदी के निर्देश पर अध्यक्ष विमल सिंह चौहान ने प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा को फूलमाला पहनाकर अंगवस्त्र एवं राम दरबार का प्रतीक चिन्ह भेंट किया इस दौरान पदयात्रा में पुष्प वर्षा भी की गई इस अवसर पर प्रेस क्लब के मुकेश मिश्रा, मोइन खान, राघवेंद्र सिंह, सुनील त्रिवेदी, आरिफ मंसूरी, प्रशांत त्रिवेदी, सहित योगेश बाजपेयी अधिवक्ता देवेश बाजपेयी सहित उनके साथियों द्वारा तहरी भोज का आयोजन कर पत्रकारों व गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया मीडिया से बातचीत में प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने कहा कि यह पदयात्रा केवल आंदोलन नहीं बल्कि किसानों के अस्तित्व सम्मान और अधिकारों की निर्णायक लड़ाई है।ह्व उन्होंने सरकार से किसान आयोग के तत्काल गठन समस्त किसानों का कर्ज माफ करने बिजली को पूरी तरह मुफ्त करने वर्षों से गांवों में बसे गरीब व बेसहारा परिवारों को उजाड़ने की कार्रवाई रोकने की मांग की साथ ही निजी स्कूलों की मनमानी व धन उगाही पर रोक तथा सरकारी विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता सुधारने की भी पुरजोर मांग उठाई यह किसान क्रांति पदयात्रा 1 फरवरी से 10 फरवरी तक गोसाईगंज नगराम निगोहां, मोहनलालगंज, पीजीआई, बिजनौर, सरोजनी नगर, बंथरा, काकोरी, मलिहाबाद, माल, बीकेटी, सदर तहसील, शहीद पथ मार्ग से होते हुए वृंदावन योजना मैदान पहुंचेगी, जहां 10 फरवरी को विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। सोमवार की पदयात्रा में निगोहां प्रेस क्लब अध्यक्ष विमल सिंह, मुकेश मिश्रा, शैलेंद्र त्रिवेदी, विकास सिंह, नीशू मिश्रा योगेश बाजपेयी ,पंकज द्विवेदी, अनुज त्रिवेदी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान शामिल रहे।

## सेवानिवृत्त सैनिक से मारपीट, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र में एक सेवानिवृत्त सैनिक के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित श्रीकान्त तिवारी भारतीय थल सेना से सेवानिवृत्त हैं। वह वर्तमान में 593-01/केएस-69 शकुरपुर, नीलमथा के निवासी हैं और हैबतपुर मवईया, चरण भट्टा रोड स्थित नरसिंह कॉलोनी में अपने निजी उपयोग के लिए मकान का निर्माण करा रहे हैं। पीड़ित के अनुसार बीते शुक्रवार को पंकज मिश्रा और ओंकारनाथ दुबे, निवासी सतगुरु पुरम कॉलोनी, उनके अर्धनिर्मित मकान पर पहुंचे। आरोप है कि दोनों किसी अन्य व्यक्ति को मकान दिखाकर उसे बेचने की बात कर रहे थे। जब श्रीकान्त तिवारी ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की, जिससे वह नीचे गिर पड़े और उनके घुटने में गंभीर चोट आ गई। श्रीकान्त तिवारी ने बताया कि उनका घुटना पहले से ही सेना सेवा के दौरान बम विस्फोट में घायल हो चुका है। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज की और अतहर अली उर्फ किटू का नाम लेकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने धमकी देते हुए कहा, 'अगर जान प्यारी है तो ढंग से रहो, नहीं तो तुम्हें तुम्हारे ही मकान में काटकर गाड़ देंगे।' घटना के बाद से पीड़ित और उनके परिवार में भय का माहौल है। पीजीआई पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

## स्कूल परिसर में ऊनी कपड़ों की दुकानों पर किसानों ने जड़ा ताला, पुलिस ने समझा-बुझाकर खुलवाया

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। तलीबाग स्थित रामभरोसे मैकूलाल इंटर कॉलेज परिसर सोमवार को उस समय चर्चा में आ गया, जब विद्या का मंदिर बचाओ किसान समिति के पदाधिकारियों ने परिसर में संचालित ऊनी कपड़ों की दुकानों पर ताला जड़कर उन्हें सील कर दिया। इस कार्रवाई से मौके पर हड़कंप मच गया और दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। सूचना पर पहुंची पीजीआई कोतवाली पुलिस ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया और ताला खुलवाया। समिति से जुड़े पूर्व शिक्षक मोतीलाल गुप्ता ने आरोप लगाया कि विद्यालय की भूमि पर लगातार अवैध कब्जे और व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं, जिससे शिक्षा का माहौल प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि विद्यालय की जमीन धीरे-धीरे बिक रही है और अवैध निर्माण धड़ल्ले से हो रहे हैं। संस्था के अध्यक्ष गोकर्ण यादव, नंदन यादव व अन्य पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि स्कूल की सरकारी भूमि पर सिग्मा ट्रेडिंग कंपनी, समेत अन्य लोगों द्वारा अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना है कि परिसर में गड्ढा खोदकर पोल लगाए गए और आरसीसी बीम भी डाली गई थी। सूचना मिलने पर समाजसेवी और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवाया। आरोप है कि संबंधित पक्ष ने बताया कि उनका एग्रीमेंट श्रीकांत साहू नामक व्यक्ति से है, लेकिन मांगने पर वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। समिति का आरोप है कि विद्यालय के प्रबंधक श्रीकांत साहू की भूमिका भी संदिग्ध है और विद्यालय की जमीन को व्यावसायिक उपयोग में लाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों ने जमीन दान दी थी, वे स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मौके पर दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति सामान्य कराई गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## मलिहाबाद में आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक, राहगीरों में दहशत

**सीएचसी में रोज पहुंच रहे 30 से 45 पीड़ित, बच्चे और दोपहिया सवार सबसे ज्यादा शिकार**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के गांवों और कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालात ऐसे हो चुके हैं कि राह चलते लोग, विशेषकर बच्चे, बुजुर्ग और दोपहिया वाहन सवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आए दिन कुत्तों के हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है। आवारा कुत्ते अब केवल पैदल राहगीरों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि साइकिल व मोटरसाइकिल सवारों को दौड़ाकर हादसों का कारण बन रहे हैं। कुत्तों के अचानक हमला करने से कई वाहन सवार असंतुलित होकर गिर चुके हैं और गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। रविवार की रात शीतलनटोला निवासी अरुण कश्यप मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। नीबू बाग के पास अचानक आवारा कुत्तों ने उन पर झपट्टा मार दिया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इसी दिन महदोईया गांव में घर के बाहर खेल रहे सात वर्षीय आयुष पर कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्चे के शरीर पर कई जगह काटने के निशान आए, जिसके बाद परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। दो दिन पूर्व खडता गांव निवासी रामकिशोर साइकिल से गांव जा रहे थे। दतली मोड़ के पास कुत्तों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वे साइकिल से गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों के शोर मचाने पर कुत्ते वहां से भागे, तब जाकर उनकी जान बच सकी। ग्रामीणों का कहना है कि मलिहाबाद कस्बे समेत आसपास के गांवों में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गलियों, पशु आश्रय स्थलों और बाजारों के आसपास मौजूद ये कुत्ते अचानक आक्रामक हो जाते हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन औसतन 30 से 45 लोग कुत्तों के काटने के बाद एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाने पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आवारा कुत्तों की समस्या पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है।

## 10 लाख श्रद्धालुओं ने बसों से किया माघ मेला-प्रयागराज में स्नान : दयाशंकर सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) द्वारा इस वर्ष के माघ मेले और कुंभ स्नान के सफल आयोजन हेतु व्यापक बस सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। पूरे प्रदेश से लगभग 3800 बसें माघ मेले हेतु लगायी गयी है। माघ मेला 2026 के दौरान 1 फरवरी 2026 तक लगभग 10 लाख श्रद्धालु एवं पर्यटक प्रयागराज पहुँचे, और संगम के पावन धरा पर स्नान का पुण्य लाभ उठाया है।उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा भी उपलब्ध करवाई है। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने माघ मेले के दौरान प्रयागराज आने-जाने के लिए विशेष बस सेवाओं का संचालन भी किया, जिनमें एसी और नॉन-एसी बसों की व्यवस्था की गई। यह बसें प्रमुख शहरों और गाँवों से प्रयागराज तक सस्ती एवं सुविधाजनक यात्रा की सुविधा प्रदान की। परिवहन मंत्री ने बताया कि सभी बसों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया। इसके अलावा, बसों में सुरक्षा व्यवस्था, सैनेटाइजेशन और स्टाफ की पर्याप्त तैनाती की गई थी ताकि यात्रियों को पूरी सुरक्षा और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिल सके। माघ मेला के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए, उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने सामान्य बसों की संख्या में वृद्धि की और विशेष अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की। प्रमुख स्नान तिथियों पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया। 03 जनवरी को पौष पूर्णिमा के दिन 1800 बसे आवंटित थी जिसमें से 783 बसों से लगभग 16341 यात्रियों ने यात्रा की, 200 बसें रिजर्व में रखी गयी थी। इसी प्रकार 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर 1800 आबंटित बसों में से 1540 बसों से लगभग 30627 ने यात्रा की,300 बसें रिजर्व में थी। 18 जनवरी को मौनी अमावस्या पर 3800 आबंटित बसों में से 2387 बसों से 74462 यात्रियों ने यात्रा की, 485 बसें रिजर्व थी। 23 जनवरी को बसंत पंचमी पर 1800 आबंटित बसों में से 1526 बसों के संचालन से 48111 यात्रियों ने यात्रा की 300 बसें रिजर्व थी। 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा पर आबंटित 1800 बसों में से 1297 बसों के संचालन से 42753 यात्रियों ने यात्रा की 300 बसें रिजर्व थी। इस प्रकार प्रमुख स्नान तिथियों पर कुल 7533 बसों का अतिरिक्त संचालन किया गया और लगभग 212294 यात्रियों ने यात्रा की। 3 जनवरी 2026 से 1 फरवरी 2026 तक औसतन 1178 बसें प्रतिदिन संचालित की गई और लगभग एक मिलियन यात्रियों ने यात्रा की। इसके साथ ही, यात्रियों के लिए अतिरिक्त रूटों का भी संचालन किया गया, ताकि हर श्रद्धालु बिना किसी कठिनाई के अपने गंतव्य तक पहुँच सके। परिवहन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा 24 घंटे बस सेवा प्रदान की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि श्रद्धालु बिना किसी बाधा के कुंभ स्नान के लिए समय पर पहुंच सकें और उचित समय पर लौट सकें।

## माघ मेला में श्रद्धालुओं को दी गयी हर संभव सहायता

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।माघ मेल 2026 के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक रामकृष्ण स्वर्णकार के निर्देशन व पीएसी नोडल अधिकारी सर्वेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पीएसी द्वारा मेला क्षेत्र में सुरक्षा एवं राहत व्यवस्थाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। मेला क्षेत्र में पीएसी की कुल 16 कंपनियों को चरणबद्ध एवं सुनियोजित ढंग से तैनात किया गया है। इसमें 7 कम्पनी कानून-व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण ड्यूटी में तैनात हैं। 7 कम्पनी बाढ़ राहत एवं जल-क्षेत्र सुरक्षा ड्यूटी में , 2 कम्पनी जीआरपी ड्यूटी में कार्यरत रहीं ।इसके अतिरिक्त मुख्य स्नान पर्वों के अवसर पर स्थिति की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए 5 पीएसी कंपनियों की अतिरिक्त तैनाती की गई, जिससे सुरक्षा-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया। मेला अवधि के दौरान पीएसी के जवानों द्वारा घाटों की सुरक्षा, श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन, यातायात व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों पर सतत निगरानी तथा कानून- व्यवस्था बनाए रखने का दायित्व पूरी निष्ठा, अनुशासन एवं तत्परता के साथ किया गया। संभावित आपदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पीएसी के बाढ़ राहत दल को पूर्ण रूप से सतर्क एवं सक्रिय रखा गया। राहत दल द्वारा नदी क्षेत्र में निरंतर पेट्रोलिंग, निगरानी तथा आवश्यकत ानुसार त्वरित बचाव एवं राहत कार्य किए गए। पीएसी की सजगता एवं त्वरित कार्रवाई के परिणाम स्वरूप मेला अवधि में किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा अप्रिय घटना घटित नहीं हुई है । पीएसी के जवानों ने कर्तव्यनिष्ठा के साथ-साथ मानवीय संवेदनशीलता का भी परिचय देते हुए श्रद्धालुओं को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है ।

## पीएमजेवीके के तहत अल्पसंख्यकों से जुड़ी विकास परियोजनाओं के लिए 364 करोड़ मंजूर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अल्पसंख्यकों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के सिख, जैन, बौद्ध व मुस्लिम जैसे अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए लगभग 364 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।ये परिजोजनाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, खेल, महिला एवं बाल कल्याण तथा नगर विकास जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं। मुख्यमंत्री की समावेशी विकास की अवधारणा के अनुसार, उत्तर प्रदेश में समाज के कमजोर वर्गों को बुनियादी सुविधाओं के साथ विकास के बेहतर अवसर प्रदान करने का उल्लेखनीय प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में पीएमजेवीके कार्यक्रम के माध्यम से अल्पसंख्यकों के समग्र विकास के लिए विभिन्न विकास योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके तहत सबसे ज्यादा ध्यान अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर दिया गया है।इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग की 10 विभिन्न परियोजनाओं के लिए 114.14 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। इसी क्रम में माध्यमिक शिक्षा के लिए 12.78 करोड़ रुपये, प्राविधिक शिक्षा के लिए 42.53 करोड़, चिकित्सा शिक्षा के लिए 27.88 करोड़ और व्यवसायिक शिक्षा के लिए 25.02 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। जबकि यूनानी विभाग की परियोजना के लिए 24.98 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश के अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं के कौशल विकास के लिए पीएमजेवीके के तहत 5.92 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जबकि शारीरिक व खेल क्षमता के विकास के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग की 64.22 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। महिला कल्याण एवं बाल विकास की परियोजनाओं के लिए लगभग 7.79 करोड़ रुपये की स्वीकृत दी गई है।राज्य के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में नगरीय सुविधाओं के विकास के लिए नगर विकास की 6 परियोजनाओं के लिए 22.12 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग की 2 परियोजनाओं के लिए 3.94 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। कृषि एवं सहकारिता विभाग की 3 परियोजनाओं के लिए 10.15 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, साथ ही दुग्ध विकास विभाग के लिए 1.92 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

## ट्रक ने डिवाइडर पार कर बाइक सवार को रौंदा, मौत, मुकदमा दर्ज

**हादसे के बाद भाग रहे ट्रक को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा**

अमन लेखनी समाचार



मृतक शुभम फाइल – फोटो

लखनऊ। तेज रफ्तार ट्रक ने डिवाइडर पार कर सामने से आ रहे एक बाइक सवार युवक को रौंद दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार होने लगा, लेकिन राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने बैरियर लगाकर ट्रक व चालक को दबोच लिया। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि एक ट्रक लखनऊ से हरदोई की ओर जा रहा था। भतोइया और बंजारनखेड़ा गांव के बीच अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया और दूसरी लेन में पहुंचकर सामने से आ रहे बाइक सवार को कुचल दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर उल्टी दिशा में भागने लगा। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रहीमाबाद चौराहे पर बैरियर लगाकर घेराबंदी की और भाग रहे ट्रक को चालक समेत पकड़ लिया। पुलिस ने युवक की बाइक के नंबर के आधार पर उसकी पहचान शुभम (28) निवासी ग्राम बालजति, थाना सिधौली, जनपद सीतापुर के रूप में हुई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता मौजी लाल, माता गीता दो बहनें काजल और आंचल का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर ट्रक चालक सचिन निवासी ग्राम गोपालपुर, थाना संडीला, जनपद हरदोई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मलिहाबाद तहसील में ग्राम प्रधान का धरना, बैनर फाड़ने का आरोप

**भदेसरमऊ ग्राम प्रधान विजयलक्ष्मी बोलीं—विकास कार्य ठप, प्रशासन नहीं सुन रहा**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद तहसील परिसर में करीब दो सप्ताह से धरने पर बैठी भदेसरमऊ ग्राम पंचायत की प्रधान विजयलक्ष्मी ने तहसील प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्राम प्रधान का कहना है कि उनकी मांगों को लेकर चल रहे धरने के दौरान लगाए गए बैनर और पोस्टर फाड़ दिए गए, जिससे वह आहत हैं। उन्होंने प्रशासन के इस रवैये को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया है।

ग्राम प्रधान विजयलक्ष्मी के अनुसार, वह अपनी ग्राम पंचायत में लंबे समय से रुके पड़े विकास कार्यों को लेकर लगातार तहसील स्तर पर शिकायत कर रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत में सड़क, नाली, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक विकास कार्य ठप पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्राम प्रधान विजयलक्ष्मी के पति संतोष मौर्य ने आरोप लगाया कि सोमवार को तहसील परिसर में बने धरना स्थल पर प्रशासन की ओर से उनके बैनर-पोस्टर हटवा दिए गए। साथ ही लेखपाल द्वारा तहसील परिसर से बाहर जाने को कहा गया और अभद्र व्यवहार भी किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि लेखपाल निर्भय सिंह विकास कार्यों में लगातार अड़चन डाल रहे हैं, जिससे प्रस्तावित योजनाएं आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। ग्राम प्रधान ने मांग की है कि पंचायत में विकास कार्यों को बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय हो, ताकि गांव का विकास पटरी पर लौट सके। इस संबंध में एसडीएम अंकित कुमार ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा दी गई अधिकांश शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। कुछ शिकायतें अन्य विभागों से संबंधित हैं, जिनका शीघ्र समाधान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव जाकर शेष समस्याओं के निस्तारण की भी बात कही गई है। एसडीएम ने बैनर फाड़ने या किसी प्रकार के दुर्व्यवहार के आरोपों को निराधार बताया है।

## पड़ोसी ने बुजुर्ग को घर बुलाकर पीटा, पैर में गंभीर चोट

**पीजीआई थाने में मुकदमा दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग के साथ पड़ोसी द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोसी ने उन्हें अपने घर बुलाकर गाली-गलौज की और बुरी तरह पीट दिया, जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आ गई। पीड़ित के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, रेवातापुर (शकूरपुर) निलमथा निवासी दीपक यादव ने तहरीर देकर बताया कि उनके पिता गंगाराम यादव घर पर थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले रंजीत यादव ने उन्हें अपने घर बातचीत के लिए बुलाया। बातचीत के बीच रंजीत अचानक उत्तेजित हो गया और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि इसके बाद रंजीत ने गंगाराम यादव की पिटाई कर दी, जिससे उनके पैर में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। इस दौरान आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। घायल गंगाराम यादव को परिजन तत्काल ट्रामा सेंटर (केजीएमयू) लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार किया गया। उपचार के बाद दीपक यादव ने 1 फरवरी को पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संस्कार भारती मिजार्पुर एवं भारतीय संगीत कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में भरतमुनि जयंती मनाई गई

विंध्यज्योति

मिजार्पुर – संस्कार भारती मीरजापुर एवं भारतीय संगीत कला केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में नाट्यशास्त्र के आचार्य भरतमुनि की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई जिसमें साहित्य, संगीत एवं नाट्य कला से जुड़े अनेक कलाकारों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ काशी प्रांत अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद अवस्थी एवं मुख्य वक्ता कमला पी जी कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती रितु सिंह जी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भरतमुनि के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया ।सर्व प्रथम डॉ गणेश प्रसाद अवस्थी ने संस्कार भारती के ध्येय लक्ष्य एवं संगठन का परिचय प्रस्तुत किया । तत्पश्चात मुख्य वक्ता डॉ रितूसिंह ने भरत मुनि द्वारा लिखित 250ड वर्ष पूर्व के नाट्यशास्त्र जो विश्व की प्राचीनतम एवं आज तक इतना बड़ा गन्थ नहीं लिखा जा सका है पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक लंबी श्रृंखला रही जिसमें प्रमुख रूप से सर्वप्रथम प्रदीप कुमार द्वारा गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम संयोजक बैकुंठ नाथ केसरवानी ने पायलिया झंकार मेरी बंदिश गाकर कार्यक्रम को बहुत ऊंचाई पर स्थापित कर दिया। अशोक जायसवाल ने जब भी सताए गम तो शिव का नाम लीजिए भजन प्रस्तुत करके वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत भजन हम तुम्हारे हैं प्रभु जी पर श्रोतागण झूम उठे। शंकर सोनी के होली गीत रंग डालूंगी पर श्रोता मंत्र मुग्ध होकर भाव विभोर हो गए। त्रिभुवन नाथ उपाध्याय जी द्वारा प्रस्तुत गजल चले गए दिल के दामनगीर पर खूब वाह वाही लूटा। विंध्याचल से आए पाठक जी ने प्राचीन परंपरागत होली प्रस्तुत करके लोगों के मन को छू लिया। कार्यक्रम के समापन पर केंद्राध्यक्ष द्वारिका नाथ अग्रहरि द्वारा प्रस्तुत भजन जन्म तेरा बातों ही बात बीत गए पर श्रोताओं ने खूब ताली बजाई तथा कार्यक्रम बहुत ऊंचाई पर पहुंच गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री आशुतोष सोनी जी, संचालन संस्कार भारती के महामंत्री शिवराम शर्मा जी तथा कार्यक्रम का कुशल संयोजन बैकुंठ नाथ केसरवानी जी द्वारा किया गया।

## संक्षेप

### केंद्रीय बजट को लेकर विपक्षी दलों ने सरकार पर बोला तीखा हमला

बांगरमऊ, उन्नाव। वर्ष 2026 के केंद्रीय बजट को लेकर विपक्षी दलों ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। विपक्ष का कहना है कि यह बजट आम आदमी, किसान, युवा और गरीब वर्ग की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। बजट में महंगाई, बेरोजगारी और ग्रामीण संकट जैसे गंभीर मुद्दों पर ठोस समाधान का अभाव है। विपक्षी नेताओं का आरोप है कि मध्यम वर्ग को आयकर में वास्तविक राहत नहीं दी गई, जबकि बढ़ती महंगाई से जनता पहले ही परेशान है। युवाओं के लिए रोजगार सृजन की कोई ठोस योजना सामने नहीं आई। किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी और कर्ज राहत की उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने इस पर चुप्पी साधे रखी। ग्रामीण मजदूरों, छोटे व्यापारियों और राज्यों को भी बजट से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। विपक्ष का कहना है कि यह बजट बड़े उद्योगपतियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है और आम जनता की समस्याओं की अनदेखी करता है।

### कुत्ते व बंदरों के आतंक से आम नागरिक परेशान

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। प्रतिदिन 20 लोगो को कुत्ते बंदर काटकर जख्मी कर रहे है किंतु इनके संरक्षण हेतु कोई उपाय देखने को नहीं मिल रहा जिससे आमजन की सुरक्षा खतरे में बनी हुई है। गौरतलब हो कस्बा गंजमुरादाबाद नगर व आसपास क्षेत्र में बेसहारा कुत्ते व बंदरों के आतंक की हकीकत बयां करने के लिए सरकारी आंकड़े ही पर्याप्त है अस्पताल रजिस्टर के अनुसार बीते 27 जनवरी को 35 मरीजों को एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया इसी क्रम में 28 जनवरी को 23,29 जनवरी को 11,30 जनवरी 17 जबकि 31 जनवरी को 24 इसके अलावा सोमवार 2 फरवरी को दोपहर 2 बजे तक 27 मरीजों को कुत्ता बंदर काटने का इंजेक्शन लगाया गया जिससे पिछले महज 6 कार्य दिवस के दौरान कुल 137 लोग कुत्ता बंदर काटने का इलाज कराने सरकारी अस्पताल पहुंचे जिससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्षेत्र में इनका आतंक लोगो के लिए कितनी मुसीबत बना हुआ है वही इनकी निजात हेतु कोई प्रशासनिक तैयारी भी नहीं देखी जा सकी है जिससे आमजन की सुरक्षा फिलहाल खतरे में बनी हुई है। चेयरमैन प्रतिनिधि कामिल कुरैशी ने कहा है कुत्तों या बंदरों हेतु कोई शेल्टर होम जैसी व्यवस्था फिलहाल पंचायत क्षेत्र में उपलब्ध नहीं है।

### एजेपी पार्टी के संस्थापक सदस्य की आकस्मिक मौत पर शोक की लहर।

पुरवा, उन्नाव।अपनी जनतांत्रिक पार्टी के फाउंडर मेम्बर की असमय मृत्यु पर पार्टी पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त करते हुए बक्सर घाट पर उन्हें अंतिम बिदाई दी इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित तमाम लोग मौजूद रहे। पूरी तरह स्वस्थ मगर देर रात अचानक विजय शंकर द्विवेदी की मृत्यु हो गई द्विवेदी ए जे पी पार्टी के फाउंडर मेम्बर थे। व अपने पैतृक ग्राम अमरपुर में निवास करते थे असमय मृत्यु की सूचना मिलते ही राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर सी मिश्र अपने तमाम साथियों के साथ उनके दरवाजे पहुंचे शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया व अंतिम संस्कार हेतु बक्कर घाट ले गए सभी ने नम आंखों से प्रणाम कर अंतिम संस्कार कराया इस अवसर पर द्विवेदी के परिजनों सहित सोनू तिवारी,उमाशंकर द्विवेदी,विकास शुक्ल ,विजय शंकर,पिंकू दादा,आदर्श पाण्डेय,संजय वर्मा,शिवशंकर द्विवेदी,रजनीश वर्मा,राजे पाण्डेय,प्रवीण मिश्र,दिलीप पटेल,सुरेंद्र विक्रम सिंह,हरिकृष्ण पटेल,मंजू पटेल, सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व वेटलैंड दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। शुक्लागंज स्थित नमामि घाट पर विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता और स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। 57 यूपी एनसीसी बटालियन और जिला वन विभाग ने संयुक्त रूप से गंगा तट पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य वेटलैंड संरक्षण, गंगा स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति युवाओं को जागरूक करना था। 57 यूपी एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रजन पांडे ने बताया कि यह आयोजन जिला वनाधिकारी कार्यालय के सहयोग से किया गया। इसमें विश्व वेटलैंड दिवस, नमामि गंगे अभियान और स्वच्छता अभियान को एक साथ जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे हुए इस कार्यक्रम से एनसीसी कैडेट्स और कॉलेज के छात्रों को प्रकृति संरक्षण का महत्व समझाया गया। कर्नल रजन पांडे ने आगे बताया कि इस अवसर पर जिला वन रेंजर सुरेंद्र सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को वेटलैंड दिवस के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। सुरेंद्र सिंह ने समझाया कि वेटलैंड्स जल संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वामी विवेकानंद कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान गंगा तट पर एक साफ-सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके अतिरिक्त, वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कर्नल पांडे ने बताया कि शहीद स्मारक के सम्मान में और नगरपालिका के प्रांगण स्थित पार्क में पौधे लगाए गए, जिसका उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित वातावरण तैयार करना है। कर्नल रजन पांडे ने जोर दिया कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। साथ ही, वे समाज और राष्ट्र के लिए जागरूक नागरिक भी बनते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस आयोजन से बच्चों को काफी लाभ मिलेगा और आने वाली पीढ़ी पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक उत्साहित होगी। कार्यक्रम के समापन पर, एनसीसी कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने गंगा और वेटलैंड्स को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। आयोजन को लेकर उपस्थित अधिकारियों और शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# कल्याणी नदी में नहर का पानी छोड़े जाने से किसानों की फसलें हुई जलमग्न

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। परियर क्षेत्र में कल्याणी नदी में नहर का पानी छोड़े जाने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई है। सदर तहसील के मरौंदा सूचित और मरौंदा मझवारा गांवों के आसपास करीब 250 बीघा कृषि भूमि पानी में डूब गई, जिससे सरसों और गेहूं की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों तक जाने वाले रास्ते भी पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, बीते तीन दिनों के भीतर कल्याणी नदी में नहर का पानी तेजी से छोड़ा गया। इसके कारण नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता गया और देखते ही देखते आसपास के खेत पानी में समा गए। जलभराव से खेतों में खड़ी सरसों की फसल पूरी तरह डूब गई है, जिससे वह बर्बाद हो चुकी है। गेहूं की फसल भी खतरे में है और यदि जल्द पानी कम नहीं हुआ, तो उसके भी पूरी तरह नष्ट होने की आशंका है। किसानों राजेश पाल, कैलाश कश्यप, गणेश, मोहित, प्रकाश, ईसरार और छुन्नू कश्यप ने बताया कि तीन दिन पहले तक उनके खेत सुरक्षित थे, लेकिन अचानक पानी छोड़े जाने से स्थिति बिगड़ गई। उनका कहना है कि दिन-रात पानी का स्तर बढ़ रहा है, जिससे नुकसान लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि मरौंदा सूचित से खेतों तक जाने वाला रास्ता भी पूरी तरह पानी में डूब गया है। किसानों को अब नाव के सहारे खेतों तक पहुंचना पड़ रहा है। वे नाव के जरिए ही पशुओं के लिए चारा ला रहे हैं, जिससे जान-माल का खतरा भी बना हुआ है। किसानों ने प्रशासन और नहर विभाग से तत्काल पानी की निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने फसल नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिए जाने की अपील की है। किसानों का मानना है कि यदि एक-दो दिन के भीतर पानी का स्तर कम हो जाता है, तो गेहूं की फसल को कुछ हद तक बचाया जा सकता है। वहीं अब तक किसी भी जिम्मेदार बचाया जा सकता है। वहीं अब तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के मौके पर न पहुंचने से किसानों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है।

# आग तापते समय वृद्ध के लगी आग हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र में एक हादसा हुआ है, जिसमें घर में आग तापते समय एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान कंचन नगर निवासी 65 वर्षीय इस्माइल पुत्र स्वर्गीय अबरार खान उर्फ इब्बन के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, इस्माइल ठंड से बचाव के लिए घर के अंदर आग ताप रहे थे। इसी दौरान अचानक आग भड़क गई और उनके कपड़ों में आग लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए।घटना के समय घर में मौजूद परिजनों ने शोर मचाया और आग बुझाने का प्रयास किया। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाने की तैयारी की सूचना मिलने पर गंगाघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सके। प्रारंभिक जांच में यह मामला एक हादसा प्रतीत हो रहा है।परिजनों ने बताया कि मृतक इस्माइल परिवार के मुखिया थे और घर-परिवार की जिम्मेदारी संभालते थे। उनके परिवार में चार बेटे और दो बेटियां हैं। उनकी अचानक मौत से पूरा परिवार सदमे में है और परिजनों में गहरा शोक है। रही थी, लेकिन गंभीर रूप से झुलसने के कारण इस्माइल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र में दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना असोहा पुलिस ने प्रकाश में आए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 13 दिसंबर 2024 को पीड़िता की तहरीर पर थाना असोहा में मु0अ0सं0 258/2024 धारा 137(2)/87 बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले में नामजद अभियुक्तों के साथ विवेचना के दौरान एक अन्य अभियुक्त का नाम सामने आया।पुलिस ने आज दिनांक 02 फरवरी 2026 को अभियुक्त अरुण कुमार पुत्र जरवन, निवासी ग्राम मौलवीखेड़ा, थाना हसनगंज, जनपद उन्नाव को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। विवेचना के दौरान मुकदमे में धारा 64(1)/142 बीएनएस तथा 3/4/142 एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक मूनिस और हेड कांस्टेबल ओमकार शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना निष्पक्ष और साक्ष्यों के आधार पर आगे बढ़ाई जा रही है।

# मां भगवती के जगराते मे सारी रात झूमे भक्तगण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा क्षेत्र के पिपरी गांव मे राधा -कृष्ण मंदिर परिसर मे द्वातीय मां भगवती के जगराते का आयोजन किया गया। जगराते का शुभारम्भ आयोजक श्रीराम रावत ने मां के दरबार मे दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद कुलदीप म्यूजिकल ग्रुप एंड जागरण पार्टी के कलाकार शशांक दीक्षित ने गणेश वंदना के साथ जगराते का औपचारिक शुभारम्भ किया। अवनीश चक्रधारी ने माता बुलाए भक्त दौड़े चले आये ,शेखर श्रीवास्तव ने मां से बड़ा ना कोई इस संसार मे ,मेघा शर्मा ने प्यारा सजा हैं तेरा द्वारा भवानी आदि भजन सुना भक्तों को भावविभोर किया। जगराते मे मनीष ज्ञानी एण्ड सूरज तिलकधारी ग्रुप द्वारा शंकर - पार्वती ,कृष्ण -सुदामा ,हनुमान ,काली ,राधा -कृष्ण और फूलों की होली आदि मनमोहक झांकिया प्रस्तुत की गयी। आयोजको द्वारा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दीपांशु चौधरी ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष केके वर्मा ,ग्राम प्रधान रामनरेश आदि लोगो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अमित रावत ,मोहित रावत ,अभय सहित सैकड़ों छेत्र वासी मौजूद रहे।



# नशेबाजी का युवक ने किया विरोध मार दी गोली हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र के कल्लुपुरवा गांव में रविवार शाम नशे का विरोध करने पर एक युवक को गोली मार दी गई। घटना के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों और पुलिस की सहायता से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव में इस वारदात के बाद दहशत का माहौल है। घायल युवक की पहचान कल्लुपुरवा निवासी 50 वर्षीय ओम प्रकाश पुत्र बुद्धि लाल के रूप में हुई है। ओम प्रकाश ने पुलिस को बताया कि वह अपने बेटे के साथ बहू को लेने जा रहे थे। गांव के चौराहे पर कुछ युवक गाड़ी खड़ी कर शराब के नशे में हंगामा कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया और उन्हें गाड़ी हटाने को कहा, तो नशे में धुत युवकों ने अचानक गोली चला दी। गोली ओम प्रकाश के चेहरे और दाहिने कंधे में लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़े। ओम प्रकाश ने आरोप लगाया कि हमलावरों में श्रीराम का लड़का, बैजू का लड़का और एक अज्ञात युवक शामिल थे। उन्होंने बताया कि उनका हमलावरों से कोई पुराना विवाद या रंजिश नहीं थी। घायल के अनुसार, मौके पर मौजूद बुद्धि लाल परिवार के एक व्यक्ति ने हमलावरों को ₹मारो-मारो₹ कहकर उकसाया, जिसके बाद फायरिंग की गई। घटना की सूचना मिलते ही गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ओम प्रकाश को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि ओम प्रकाश के चेहरे और दाहिने कंधे में चोटें आई हैं। परिजनों ने गोली लगने की पुष्टि की है। घायल का इलाज जारी है और उसकी हालत पर डॉक्टरों की लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में खुलेआम नशेबाजी और असामाजिक गतिविधियों के कारण ऐसी वारदातें बढ़ रही हैं। पीड़ित परिवार ने सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम हमलावरों की तलाश में जुट गई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के जोरावरगंज गांव में शराब के ठेके के बगल में बरासगवर थाना क्षेत्र के कांटी गांव के अशोक सिंह के पुत्र शेरा सिंह 32 वर्ष कैंटीन चलाता था आज सुबह लगभग साढ़े सात बजे ग्रामीणों ने उसका शव बरामदे में रस्सी के सहारे लटका देख पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा । ग्रामीणों की माने तो शेरा सिंह शराब का लती था जिसकी वजह से आये दिन लोगो से उसकी बहस हुआ करती थी । ग्रामीणों ने बताया कि पत्नी से कुछ अनबन चल रही थी जिसके चलते वो अक्सर कहा करता था कि किसी दिन फांसी लगा कर जान दे दूँगा । म्रतक अपने पीछे पत्नी दीपांशी सिंह ,पुत्र शौर्य सिंह तथा पुत्री गौरी सिंह को छोड़ गया है ।थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि म्रतक के शाले अभिषेक सिंह ने प्रार्थना पत्र दिया प्राम्भिक जांच में पारिवारिक कलह के चलते फांसी लगाकर जान दी है।

# फांसी लगाकर युवती ने किया जान देने का प्रयास

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। फांसी का फंदा अपने गले में डालकर 19 वर्षीया युवती झूल गई ये देख उसकी मां ने उसके पैर पकड़ ऊपर उठा दिया और शोर मचाया तो मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने उसे नीचे उतार कर सीएचसी ले गए जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते उसे जिला अस्पताल भेज दिया जिला कोतवाली क्षेत्र के गांव केसरीखेड़ा निवासिनी 19 वर्षीय काजल ने सोमवार की दोपहर अज्ञात कारणों से घर के बरामदे में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली।घटना की जानकारी होते ही पुरवा से लौटी मां रामेश्वरी ने फौरन दौड़कर उसे ऊपर उठा लिया।जिस पर ग्रामीणों ने गले की रस्सी काटकर किसी तरह उसे नीचे उतारा।और ईलाज को फौरन एम्बुलेंस से स्थानीय सीएचसी लाये।जहां हालत गम्भीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।घटना के समय पिता मजदूरी करने गांव से बाहर गया था।परिजन घटना का कारण नहीं बता सके।

# पुलिस पर युवक को पीटने का आरोप, आत्मदाह की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार




पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने पुलिस पर मारपीट और अभद्रता का गंभीर आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाते हुए आत्मदाह की चेतावनी दी है। वहीं, पुलिस ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए इसे जांच प्रभावित करने का हथकंडा करार दिया है।

### क्या है पूरा मामला?

पुरवा कस्बे के निवासी शुभम तिवारी का 3 मिनट 8 सेकंड का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुआ। वीडियो में शुभम ने आरोप लगाया कि उसे एक शिकायत के सिलसिले में कोतवाली बुलाया गया था। उसका दावा है कि जब वह वहां पहुंचा, तो उसके विरोधी पक्ष के लोग कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव के साथ बैठे थे। शुभम का आरोप है कि कोतवाल के निर्देश पर एक सिपाही ने उसे अंदर ले जाकर लात-घूसों से बेरहमी से पीटा।

### जातीय टिप्पणी और धमकी का आरोप

वीडियो में युवक भावुक होकर कह रहा है कि ब्राह्मण होने के नाते उसने जब जूते से न मारने का अनुरोध किया, तो उसे और अधिक प्रताड़ित किया गया। शुभम ने शासन से सवाल किया है कि क्या ब्राह्मणों के साथ ऐसा ही व्यवहार होगा? उसने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। न्याय न मिलने की दशा में उसने आत्मघाती कदम उठाने की बात कही है।

### पुलिस का पक्ष

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अमरनाथ सिंह का कहना है कि शुभम के विरुद्ध पड़ोस की एक महिला ने मारपीट की प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसी मामले में पूछताछ के लिए उसे थाने बुलाया गया था। उन्होंने मारपीट के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि युवक कानूनी कार्रवाई से बचने और पुलिस पर दबाव बनाने के लिए अनर्गल आरोप लगा रहा है। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

# युवक ने युवती से की छेड़छाड़ दर्ज हुआ मुकदमा




अमन लेखनी समाचार

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने गांव के ही युवक टर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर पुलिस ने छेड़खानी करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया ।बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 जनवरी को सायं 5 बजे पाटन बाजार से गांव वापस आते समय रास्ते मे गांव के ही युवक सचिन ने जबरन रोक कर भद्दी भद्दी गालियां देने लगा और कहा कि मुझसे बात नही करोगी तो जान से मार देंगे ।मेरे द्वारा बात न करने पर उसने मेरी साइकिल भी तोड़ दिया । घर पहुंचने पर यह बात मैने अपने परिजनों से बताया तो परिजन युवक के घर शिकायत करने गयी तो उनको भी उसने भद्दी भद्दी गालियां देकर भगा दिया ।पीडिता की शिकायत पर पुलिस ने बी एन एस की धारा 115 (2),352 ,351 (3), 324 (4 )के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया ।इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।जांच कर कार्यवाही की जाएगी

# विश्व आर्द्रभूमि दिवस, बर्ड फेस्टिवल आयोजित

## शाहजहांपुर में वन विभाग ने फकरगंज वेटलैंड पर कार्यक्रम किया

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर,विश्व आर्द्रभूमि दिवस और बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वन विभाग द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार की अध्यक्षता में फकरगंज स्थित वेटलैंड पर मनाया गया। इस अवसर पर युवाओं ने रैलीनिकाली, जिसमें आर्द्रभूमि और पक्षियों के संरक्षण से संबंधित नारे लगाए गए। उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. सुशील कुमार के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने सारस, बगुला, नीलकंठ, डोंगो, बबलर, किंगफिशर और पौंड हेरोन जैसे विभिन्न पक्षियों का अवलोकन किया और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। ्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार ने आर्द्रभूमि संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई रामसर संधि पर चर्चा की। उन्होंने जैव विविधता को खाद्य श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने वर्ष 2026 की थीम 'आर्द्रभूमि और पारंपरिक ज्ञान सांस्कृतिक विरासत का उत्सव' पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ ग्रामवासियों से पारंपरिक ज्ञान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में आगे आने का आग्रह किया। उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने वेटलैंड को 'पर्यावरण के गुर्दे' की संज्ञा देते हुए इसके महत्व पर जोर दिया। क्षेत्रीय वनाधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद ने जैव विविधता पर विस्तृत व्याख्यान दिया और तालाबों व पक्षियों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। पक्षियों पर शोध कर रही निधि शर्मा ने पक्षियों की विशेषताओं, उपयोगिता और आवश्यकता पर चर्चा की।कार्यक्रम के तहत क्विज और लूडो प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें राज कमल, नंदिनी, कौशल, मोहन, अमन और शिवा विजयी रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में नंदिनी ने प्रथम, सुधा ने द्वितीय और आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मंच पर पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## सम्पादकीय

# स्कूलों में बेटियों को मिले गरिमामय वातावरण

किसी भी लोकतांत्रिक समाज की असली पहचान यह नहीं होती कि वह कितने कानून बनाता है, बल्कि यह होती है कि वे कानून आम नागरिक खासकर सबसे कमजोर वर्ग के जीवन में कितना बदलाव ला पाते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश कि देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में लड़कियों को मुफ्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जाएं, लड़के-लड़कियों के अलग शौचालय हों और दिव्यांगों के अनुकूल टॉयलेट बनाए जाएं, इसी बदलाव की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह फैसला केवल प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि यह स्वीकारोक्ति है कि अब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था बेटियों की बुनियादी जरूरतों को समझने में असफल रही है। स्कूलों में बेटियों को गरिमामय वातावरण दिया जाना जरूरी है। यदि किसी स्कूल में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 बराबरी के अधिकार का उल्लंघन है और यदि मासिक धर्म के दौरान उन्हें बुनियादी स्वच्छता सुविधाएं नहीं मिलतीं, तो यह अनुच्छेद 21, यानी जीवन और गरिमा के अधिकार पर चोट है। मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन संसाधनों की कमी और सामाजिक चुप्पी ने इसे शर्म और बाधा का विषय बना दिया। यही वजह है कि आज भी लाखों लड़कियां पीरियड्स के दिनों में स्कूल छोड़ने को मजबूर होती हैं। सोशल वर्कर जया ठाकुर द्वारा दायर जनहित याचिका और पिछले चार वर्षों से चल रही सुनवाई इस सच्चाई को उजागर करती है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से नजरअंदाज की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश स्पष्ट करता है कि अब इसे केवल नीति या योजना कहकर टालने की गुंजाइश नहीं है। आज भी देश के कई हिस्सों में लड़कियां मासिक धर्म के दौरान कपड़े का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं, क्योंकि स्कूलों में न तो मुफ्त पैड उपलब्ध हैं और न ही इस्तेमाल किए गए पैड के सुरक्षित निपटान की व्यवस्था। नतीजा यह होता है कि पढ़ाई प्रभावित होती है, आत्मविश्वास टूटता है और धीरे-धीरे स्कूल छोड़ने की नौबत आ जाती है। हाल के दिनों में 'पीरियड-शेमिंग' के खिलाफ जो गुस्सा सामने आया है, वह इसी दबे हुए दर्द का परिणाम है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की टिप्पणी इस सोच को उजागर करती है कि शैक्षणिक संस्थानों और कार्यस्थलों पर मासिक धर्म को लेकर जो व्यवहार होता है, वह एक परेशान करने वाली मानसिकता को दर्शाता है। यह सिर्फ लड़कियों की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज की संवेदनशीलता की परीक्षा है। यह आदेश केवल स्कूल प्रबंधन या सरकारी तंत्र के लिए नहीं है। यह उन कक्षाओं के लिए है, जहां कोई बच्ची मदद मांगने से झिझकती है। यह उन शिक्षकों के लिए है, जो सहयोग करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में विवश हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो अक्सर चुप्पी साध लेते हैं, बिना यह समझे कि उनकी चुप्पी उनकी बेटी की शिक्षा पर कितना भारी पड़ सकती है। मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा देना कोई एहसान नहीं, बल्कि एक संवैधानिक और मानवीय जिम्मेदारी है। अब जरूरत है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस आदेश को कागजों तक सीमित न रखा जाए। स्कूलों की मान्यता को इससे जोड़ना एक सख्त, लेकिन जरूरी कदम है। यह फैसला एक शुरुआत है उस बदलाव की, जहां शिक्षा के रास्ते में मासिक धर्म अब बाधा नहीं बनेगा, बल्कि समझ और संवेदनशीलता के साथ स्वीकार किया जाएगा।



दृष्टिकोण
पीयूष गोयल

# भविष्य का रोडमैप है भारत-ईयू एफटीए

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझेदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। इसके साथ ही लगभग 2 अरब की उस आबादी के लिए धन पैदा होगा, जो मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक-चौथाई भाग है। विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझेदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

यह एफटीए नियम आधारित व्यापार और आर्थिक नीतियों में स्थिरता सुनिश्चित करता है जिससे भारत स्वदेशी और विदेशी निवेश के लिए और ज्यादा आकर्षक बनेगा। यह छोटे व्यवसायियों, स्टार्टअप संस्थाओं और कामगारों के लिए अनेक अवसर पैदा करेगा। विश्व ने प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा की सराहना करते हुए इस एफटीए को सभी समझौतों से बड़ा बताया है। यह वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में स्थिरता को मजबूत करता है। यह भारत और यूरोपीय संघ को मुक्त बाजार, पूर्वानुमान क्षमता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध भरोसेमंद साझेदारों के रूप में स्थापित करता है। भारत ने व्यापार मूल्य के हिसाब से यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से ज्यादा निर्यात के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच प्राप्त की है जिससे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को बल मिलेगा। इस एफटीए से कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरी सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रमसाध्य क्षेत्रों को निर्णायक मजबूती मिलेगी। इस समझौते से लगभग 33 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत तक टैरिफ खत्म होगा। इससे कामगारों, हस्तशिल्पियों, महिलाओं, युवाओं तथा सूक्ष्म, छोटे और मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) का सशक्तिकरण होगा। वैश्विक मूल्य श्रृंखला से भारतीय व्यवसाय ज्यादा गहराई से जुड़ेंगे और वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी। यह समझौता व्यवसायियों और पेशेवर तबके के लिए दूसरे देशों में जाने को आसान बनाते हुए शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और कंप्यूटर जैसे सेवा क्षेत्रों में अवसरों के नए द्वार खोलता है। इन प्रतिबद्धताओं से उच्च मूल्य वाले रोजगार के अवसरों के खुलने के साथ ही प्रतिभा, नवोन्मेष और संवहनीय आर्थिक विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होती है।

व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इस रणनीति में क्रांतिकारी सुधारों और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूत



करना तथा सभी पक्षों के लिए लाभकारी समझौते के उद्देश्य से विकसित और पूरक अर्थव्यवस्थाओं के साथ बातचीत शामिल है। यह रणनीति भारत को अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करने और उन लाभकारी बाजारों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाती है जो कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रमसाध्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते भारतीय उद्योगों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करते हैं और उपभोक्ताओं को विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। मोदी सरकार ने ऐसे समझौते किए हैं, जिनमें टैरिफ में कमी धीरे-धीरे की जाती है। इससे उद्योगों को उचित नीतिगत समर्थन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का केंद्र है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के पूरी तरह अनुरूप है। यह भारत को वैश्विक मंच पर एक गतिशील, विश्वसनीय और दूरदर्शी भागीदार के रूप में स्थापित करता है, जो दोनों क्षेत्रों के लिए समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विकास की नींव रखता है। मोदी सरकार ने सिर्फ विकसित देशों के साथ ही व्यापार समझौते किए हैं, जो कपड़ा, जूते, रत्न और आभूषण, और हस्तशिल्प जैसे भारत के प्रमुख रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। यह यूपीए शासन से बिल्कुल उल्टा है उन्होंने प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ समझौतों में जल्दबाजी की और अक्सर भारत को मिलने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक रियायतें दीं। मोदी सरकार ने अर्थशास्त्रियों, औद्योगिक निकायों, विशेषज्ञों और कई सरकारी विभागों एवं मंत्रालयों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। परिणामस्वरूप, मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक व्यापार समझौते को उद्योगों से व्यापक सराहना मिली है। मोदी सरकार द्वारा संपन्न प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते ने दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार किया है। इन समझौतों ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने की दिशा में उसकी यात्रा को तेज किया है।

यूपीए के कार्यकाल के दौरान, यूरोपीय संघ सहित विकसित देशों की भारत में रुचि कम हो गई थी, क्योंकि आर्थिक विकास धीमा हो गया था, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर बनी हुई थी और व्यापार का माहौल निराशाजनक था। तब भारत ने ऐसे लाभप्रद व्यापार समझौतों के मूल्यवान अवसर गंवा दिए, जो विकास को गति दे सकते थे और रोजगार पैदा कर सकते थे। मोदी सरकार द्वारा संपन्न अन्य व्यापार समझौतों के साथ, भारत-ईयू एफटीए, ढुलमुल और निर्णायक नेतृत्व के बीच के अंतर को रेखांकित करता है। जहाँ पहले की सरकारें हिचकिचाती थीं और घुटने टेकती थीं वहीं मोदी सरकार ने बदलाव लाने वाला एक ऐसा समझौता किया है जो बाजारों का विस्तार करने के साथ साथ रोजगार पैदा करता है और भारत के मुख्य हितों की रक्षा करता है। यह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे मजबूत नेतृत्व और रणनीतिक स्पष्टता नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है, जो देश को समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकते हैं।

विचार
कैलाश चंद्र



# जागरूक नागरिक, समरस समाज निर्माण की मूल धुरी

भारतीय समाज की रचना में परिवार केवल रक्त-संबंधों का केंद्र नहीं, बल्कि एक जीवंत संस्कृति, अनुशासन और भविष्य का निर्माण करने वाली संस्था है। जब दुनिया व्यक्तिगतता, उपभोक्तावाद और क्षणिक सुख की संस्कृति में उलझकर अपने मूल्यों से दूर जा रही है, तब हमारे लिए यह समझना अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि राष्ट्र-निर्माण किसी एक नीति, किसी एक नेतृत्व या किसी एक विचारधारा से नहीं चलता, उसका वास्तविक केंद्र परिवार होता है। परिवार ही वह स्थान है जहां भविष्य की पीढ़ियां अपना पहला श्वांस, पहला संस्कार, पहली दृष्टि और पहला जीवन-शिक्षण प्राप्त करती हैं। अतः परिवार में संस्कारों की स्थापना केवल निजी जीवन का विषय नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक और राष्ट्रीय प्रश्न है। भारतीय संस्कृति में 'संस्कार' कोई बाह्य प्रदर्शन नहीं, बल्कि आत्मा को गढ़ने वाली आग है, जो धातु को स्वर्ण में बदलने का सामर्थ्य रखती है।

परिवार में संस्कारों का स्थान राष्ट्र-निर्माण की प्रथम आधारशिला माना गया है। जब परिवार के भीतर सद्भाव, सम्मान, संवाद और परस्परता का वातावरण होता है, तो वह ऊर्जा केवल घर की चहारदीवारों में नहीं रुकती, बल्कि बाहर मोहल्ले तक फैलती है। एक संस्कारित परिवार मोहल्ले में तनाव, हिंसा, विवाद या अव्यवस्था का कारण नहीं बनता; बल्कि वह वातावरण को सुसज्जित और शांत रखने में सहायक होता है।

ऐसे परिवार सामाजिक विश्वास को बढ़ाते हैं और एक प्रकार की अदृश्य सामाजिक पूंजी का निर्माण करते हैं, जिससे पूरा नगर और समाज अधिक स्थिर, सुरक्षित और सामंजस्यपूर्ण बनता है। संस्कारों का यह प्रभाव केवल मानव-व्यवहार तक सीमित नहीं रहता, वह प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता तक भी विस्तारित होता है। आज दुनिया पर्यावरणीय संकटों का सामना कर रही है, जल-स्रोत सूख रहे हैं, ऊर्जा का अत्यधिक अपव्यय हो रहा है, वृक्ष कट रहे हैं, और जीव-जगत असुरक्षा में जी रहा है। भारतीय परंपरा में प्रकृति पूज्यनीय है, और यह पूज्यता परिवार की संस्कृति से ही जीवन का अंग बनती है। अतः पर्यावरण का संरक्षण तभी संभव है जब परिवार अपनी जीवन-शैली में संवेदनशीलता का बीज बोए। परिवार का दायित्व केवल नैतिकता या व्यवहार तक सीमित नहीं है; वह सांस्कृतिक स्वत्व को बनाए रखने का केंद्र भी है। भजन, भोजन, भ्रमण और भेष जैसे विषय केवल क्रिया नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास के वाहक हैं। यदि परिवार अपने घर में अपनी परंपराओं के भजन, मंत्र, कथा और लोकध्वनियों को स्थान देता है, तो बच्चों में आध्यात्मिकता कृत्रिम नहीं, सहज बनती है। भोजन में स्थानीयता और स्वदेशीता अपनाने से बच्चे यह सीखते हैं कि जीवन का पोषण धरती के अपने अनाज और अपनी परंपरा से होता है। जब परिवार 'स्व' का भाव अपनाता है, तब उसकी संतति सांस्कृतिक रूप से मजबूत, आत्मविश्वासी और मानसिक रूप से स्थिर बनती है। इन सबके साथ ही समरसता का महत्व सर्वोच्च है। समरस परिवार वह है जिसमें सभी सदस्य एक-दूसरे को सम्मान देते हैं, किसी को कमतर या अधिकतर नहीं मानते, और सबके स्वभाव और कर्तव्य को समझते हैं। समरसता का यह भाव घर से निकलकर समाज में समान रूप से फैलता है। आज दुनिया विभाजनों, उपहास, तनाव और घृणा की राजनीति से जूझ रही है। यदि परिवार के भीतर समरसता होगी तो समाज विभाजन से मुक्त होगा। समरस परिवारों से ही समरस समाज जन्म लेता है, और ऐसा समाज ही एक समरस राष्ट्र का आधार बन सकता है। जाति, भाषा, वर्ग और क्षेत्र के कृत्रिम भेद तभी समाप्त होंगे जब परिवारों में एकात्मता की भावना विकसित होगी। समरस परिवार समाज के लिए एक जीवंत उदाहरण बनता है कि विविधता संघर्ष का नहीं, बल्कि सहयोग और पूरकता का आधार है। अंततः राष्ट्र-निर्माण किसी विशाल नारे या महंगी योजना से नहीं, बल्कि एक छोटे से परिवार की संस्कृति, अनुशासन और दैनंदिन आचरण से शुरू होता है। संस्कारित परिवार ही जागरूक नागरिक तैयार करता है।

## योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
**दर्शन**

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म्' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म्' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म्' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

## मित्रता मुश्किल समय के लिए भरोसा



संकलित
**प्रेरणा**

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा बृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

## सटाका




## आज की पाती

### काबिल भारतीयों को देश निकाला

बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को बाहर निकालने की बातें करते-करते इस देश ने कब अपने ही सवर्ण समाज को देश से भगाने की नीति बना ली, इसका जवाब कौन देगा? आरक्षण के नाम पर योग्यता का खुलेआम कत्ल हुआ, और मेहनती, काबिल सवर्ण युवाओं को भारत में दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया गया। आज सच्चाई यह है कि भारत अपने सबसे तेज दिमागों को खुद धकेल-धकेल कर यूएसए, यूके और यूरोप भेज रहा है। जिस प्रतिभा पर भारत को खड़ा होना था, वही प्रतिभा आज विदेशों की कंपनियों, लैब्स और यूनिवर्सिटीज की रीढ़ बन चुकी है।यह ब्रेन ड्रेन नहीं बल्कि ब्रेन एक्साइल है। अगर यही चलता रहा, तो आने वाली पीढ़ियां इतिहास में पढ़ेंगी कि भारत को किसी विदेशी ताकत ने कमजोर नहीं किया, भारत ने खुद अपनी सबसे काबिल संतानों को देश से बाहर निकाल दिया।

- प्रदीप देशपांडे, बिलासपुर

## ट्रेंड

### बापू को नमन

महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन। पूज्य बापू ने स्वदेशी, स्वाधीनता व स्वच्छता को एक सूत्र में बांधकर गौरवशाली भारत की कल्पना करने वाले महात्मा गांधी के विचार हमें प्रेरित करते रहेंगे।

- अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री



### प्रेम-सुंदर सम्मान

दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र के बच्चों को 'प्रेम-सुंदर सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह योजना इसी साल के दसवीं-बारहवीं के रिजल्ट से लागू होगी। मेरी अनंत शुभकामनाएं और आशीर्वाद।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री



### सूचना का अधिकार

आर्थिक सर्वेक्षण में सूचना के अधिकार अधिनियम की "पुनर्मूल्यांकन" की मांग की गई है। मोदी सरकार ने सूचना के अधिकार अधिनियम को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया है।

- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस



### सोशल मीडिया

बच्चे खाना खाते समय सोशल मीडिया स्क्रॉल कर रहे हैं, माता-पिता अनजान बने हुए हैं, यह हमारा भविष्य नहीं हो सकता। 16 से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना समय की मांग है।

- सोनू सूद, फिल्म अभिनेता



## करंट अफेयर

# अमेरिका भारत को 3 प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा

अमेरिका भारत को तीन प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा जिन्हें देश के मंदिरों से अवैध रूप से हटा दिया गया था। वाशिंगटन डीसी स्थित स्मिथसोनियन नेशनल म्यूज़ियम ऑफ एशियन आर्ट ने कहा कि तीन मूर्तियां भारत सरकार को वापस की जाएंगी। गहन जांच के बाद इन मूर्तियों के स्त्रोत का पता लगाया गया और रिपोर्ट में यह कहा गया कि इन मूर्तियों को मंदिरों से अवैध रूप से हटाया गया था। संग्रहालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत सरकार ने मूर्तियों में से एक को दीर्घकालिक ऋण पर देने पर सहमति व्यक्त की है।



## ऑफ बीट

# जिम की जगह खुद घर पर कर सकते हैं व्यायाम

जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ, जिम की सदस्यता और फिटनेस कक्षाएं तेजी से अप्रचलित होती जा रही हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप घर पर भी खुद से व्यायाम करके उतनी ही प्रगति कर सकते हैं। हृदय सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन फिटनेस के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। और प्रत्येक को बहुत कम या बिना किसी उपकरण के खुद से किया जा सकता है। हृदय सहनशक्ति व्यायाम हृदय और फेफड़ों को काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मजबूर करता है। पैदल चलना, जॉगिंग और दौड़ना बढ़िया विकल्प हैं, वैसे ही साइकिल चलाना, रस्सी कूदना और तैराकी भी है।



## संक्षेप

### पंचायत भवन निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप

**ग्रामीणों ने की शिकायत, बीडीओ ने जांच का आश्वासन दिया**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , विकासखंड के कटरा फूल कुंवर ग्राम सभा में निमार्णाधीन पंचायत भवन में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी मानकों की अनदेखी कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे भवन की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत भवन के निर्माण में इस्तेमाल की जा रही सामग्री निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है और गुणवत्ता की जांच किए बिना ही काम आगे बढ़ाया जा रहा है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) बृजेश सिंह ने बताया, ₹मुझे इस बारे में सूचना मिली है, लेकिन अभी मेरे पास समय नहीं है। मैं दो-तीन दिन में जाकर निर्माण कार्य का निरीक्षण करूंगा।₹ बीडीओ के इस बयान के बाद ग्रामीण जांच का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि इससे सरकारी धन का सही उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा।

### पहले अभ्युदय स्कूल का 60% काम पूर

**1.33 करोड़ से बन रहा, बच्चों को मिलेंगी हाईटेक कॉन्वेंट जैसी सुविधाएं**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर अब बदल रही है। जिले के पहले मुख्यमंत्री अभ्युदय स्कूल का निर्माण गौरीगंज के धनीजलालपुर गांव में तेजी से चल रहा है। 1.33 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस स्कूल का 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।यह स्कूल बच्चों को कॉन्वेंट जैसी हाईटेक सुविधाएं प्रदान करेगा।'कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज जल निगम' द्वारा निर्मित यह विद्यालय प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों को एक ही परिसर में शिक्षा देगा। इसका उद्देश्य गरीब बच्चों को बड़े प्राइवेट स्कूलों जैसा माहौल और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। विद्यालय में कई आधुनिक सुविधाएं होंगी, जिनमें हाईटेक स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर लैब, आधुनिक साइंस लैब, बैडमिंटन कोर्ट और शारीरिक फिटनेस के लिए ओपन जिम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, डाइनिंग शेड, दिव्यांग शौचालय, गार्ड रूम और यूटिलिटी यार्ड के साथ एक सुरक्षित शैक्षणिक परिसर भी उपलब्ध होगा। अध्यापकों के लिए भी क्लासरूम की सुविधा होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि यह विद्यालय धनीजलालपुर और आसपास के सैकड़ों बच्चों के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। आधुनिक फर्नीचर, बेहतर वेंटिलेशन और खेल के मैदान की उपलब्धता से सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी और पढ़ाई बीच में छोड़ने (ड्रॉपआउट) की दर में कमी आएगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को तय समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

# नम भूमि पर निर्भर है सारस का जीवनः भगवान दास लखमानी

## विहान बालिका विद्यालय में मनाया गया नम भूमि दिवस

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल




बहराइच। दो फरवरी को विश्व नम भूमि दिवस के अवसर पर कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब बहराइच की ओर से शहर के हुजूरपुर रोड स्थित विहान बालिका आवासीय विद्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं को नम भूमि का महत्त्व और उस पर निर्भर उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस के बारे में जानकारी देकर उनके संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। स्कूली बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए क्लब के अध्यक्ष बीडी लखमानी ने बताया कि 02 फरवरी को पूरी दुनिया में विश्व नम दिवस मनाया जाता है इसका आयोजन लोगों और नम भूमि की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जाता है, नम भूमि का मतलब होता है नमी या दलदली क्षेत्र अथवा पानी से संतृप्त भाग जो साल भर पूर्णता या आंशिक रूप से भरी होती है, नम भूमि की मिट्टी झील, नदी व तालाब के किनारे होती है, नम भूमि पर सारस का जीवन निर्भर होता है, सारस हमारे उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी है, सारस का पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण योगदान है सारस घने जंगलों और पेड़ों की बजाय दलदली भूमि क्षेत्र का निवासी है सारस किसानों का मित्र पक्षी माना जाता है ये किसानों की फसलों का नुकसान नहीं करते बल्कि नुकसानदायक कीड़े मकौड़ों को खाकर फसल को लाभ पहुँचाते हैं इस लिए हम सभी को नम भूमि और सारस का संरक्षण करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी स्कूली बालिकाओं को चिप्स के पैकेट और चॉकलेट एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को क्लब के चाभी के छल्ले वितरित किए गए।इस अवसर पर स्कूल वार्डन प्रगति सिंह क्लब की ओर से पूर्णिमा सिंह, अंजलि लखमानी शिक्षक धर्मेन्द्र वर्मा शिक्षिकाओं में भूरत्न प्रभा, प्रियंका श्रीवास्तव, निधि दुबे और पूजा यादव सहित काफी संख्या में अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दोंदरा नाला स्थित आर्द्रभूमि पर अन्तरराष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस मनाया गया

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच। अन्तरराष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस के मौके पर वन प्रभाग बहराइच के निदेर्शानुसार वन रेंज अधिकारी रूपईडीहा अतुल श्रीवास्तव के नेतृत्व में 02 फरवरी 2026 को रुपईडीहा रेंज के अंतर्गत दोंदरा आर्द्रभूमि क्षेत्र में अन्तरराष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय पटना कॉलोनी एवं राजकीय हाई स्कूल परगहवा के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, ग्रामीणों तथा वन विभाग के कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को आर्द्रभूमि के महत्व, जैव विविधता तथा पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वनकर्मियों द्वारा बताया गया कि आर्द्रभूमि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जल संतुलन, वन्यजीव संरक्षण एवं मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों सहित उपस्थित लोगों ने विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए आर्द्रभूमि एवं वन विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित आकर्षक चित्र बनाए। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में आर्द्रभूमि संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जैव विविधता के महत्व को समझाना रहा।

# मटेरा चौराहे पर हुई क्षेत्रीय पत्रकारों की बैठक

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। मटेरा क्षेत्र के मटेरा चौराहा पर स्थानीय पत्रकारों द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र में पत्रकारों से जुड़े मुद्दों के साथ-साथ जनहित और सामाजिक सरोकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान पत्रकारों ने संकल्प लिया कि आपसी एकजुटता, निष्पक्ष पत्रकारिता, पत्रकारों की सुरक्षा, प्रशासन से समन्वय तथा क्षेत्र में हो रही विभिन्न जनसमस्याओं को प्राथमिकता के साथ उजागर किया जाएगा और सत्य एवं निष्पक्ष खबरों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में मौजूद पत्रकारों ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है और उसकी जिम्मेदारी है कि वह बिना किसी दबाव के सच्चाई सामने लाए। आने वाले समय में पत्रकारों के हितों की रक्षा और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी तय होगी। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और सभी पत्रकारों ने भविष्य में इस तरह की बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही। इस मौके पर तमाम पत्रकार साथी मौजूद रहे जिसमे खबरों का दंगल जिला ब्यूरो चीफ आमिर अली, इस्माइल अंसारी, प्रीतम सिंह, सिराज अहमद, आशीष कुमार शर्मा, ओम प्रकाश यदुवंशी, अमरीक सिंह, जेपी यादव, सिराज अहमद, लड्डुन खान, सफीक अहमद, शाहिद, अनुज जायसवाल उदल कुमार, उमेश कुमार, प्रेम कुमार सहित काफी संख्या मे पत्रकार मौजूद रहे।



# तीस हजार की रिश्वत लेने वाले दरोगा व दीवान निलंबित

### थाना मोतीपुर क्षेत्र के पीड़ित की शिकायत पर हुई कार्यवाही

### आईजी अमित पाठक ने की कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार




मोतीपुर, बहराइच। आईजी देवीपाटन मंडल अमित पाठक ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए शिकायत पर थाना मोतीपुर में तैनात दारोगा व दीवान को निलंबित कर दिया है जिससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है इन दोनों के ऊपर तीस हजार रुपए की रिश्वत लेने का आरोप था जिसकी जांच की गई जांच में आरोप सही पाए गए थे इसके बाद कार्यवाही की गई। थाना मोतीपुर में तैनात उपनिरीक्षक अमरेश गिरी तथा हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र यादव को रिश्वत लेने के आरोप सही पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई मोतीपुर थाना क्षेत्र के शिकायतकर्ता द्वारा भ्रष्टाचार निरोधी हेल्पलाइन पर दर्ज कराई गई थी। गोपनीय जांच के आधार पर मामला सही निकला। आरोप था कि एक वाहन को थाने ले जाने और अवैध खनन के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर दोनों ने तीस हजार रुपये की मांग की गई थी। शिकायत मिलने के बाद देवीपाटन परिक्षेत्र के भ्रष्टाचार निरोधी सेल ने प्रारंभिक गोपनीय जांच कराई, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए। आईजी अमित पाठक ने दोनों भ्रष्ट पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। साथ ही अन्य पुलिस कर्मियों को चेतावनी दी है कि भ्रष्टाचार में शामिल हुए तो कार्यवाही तय है। आईजी द्वारा की गई इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा है।

# मटेही में एसआईआर मतदाता सूची अवलोकन कार्यक्रम हुआ आयोजित

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रही विधायक सरोज सोनकर व विशिष्ट अतिथि रहे आलोक जिंदल**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधानसभा के मटेही कला गांव में एसआईआर (विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान)सूची का अवलोकन करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बलहा विधायक श्रीमती सरोज सोनकर व विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता मिहींपुरवा मंडल अध्यक्ष राम सरोज पाठक ने की। विधायक सरोज सोनकर ने बीएलओ से एसआईआर के संबंध में जानकारी ली तथा पात्र मतदाताओं के शत प्रतिशत नाम जोड़ने के लिए निर्देशित किया। विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं का नाम सूची में होना चाहिए इसके लिए बीएलओ विशेष ध्यान दें। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता वीर चंद्र वर्मा, संतोष विश्वकर्मा, रामादल मौर्य, पवन , नंदकिशोर, तीरथ राम लोधी, सचिन सोनकर संजय सोनकर, महिला नेत्री रामावती सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।



# अमेठी में कोटेदारों का प्रदर्शन

**लंबित कमीशन भुगतान को लेकर जताया रोष, दी चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) ने चार माह से लंबित कमीशन भुगतान को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बकाया भुगतान नहीं किया गया, तो फरवरी माह से राशन वितरण कार्य का बहिष्कार किया जाएगा। यह प्रदर्शन तहसील अध्यक्ष महेंद्र पांडेय और ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में कोटेदारों ने भाग लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारी कोटेदारों ने बताया कि वे पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं के तहत लगातार राशन उपलब्ध करा रहे हैं। हालांकि, पिछले चार महीनों से उन्हें उनका कमीशन नहीं मिला है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों और उच्चाधिकारियों से कई बार शिकायतें की गई हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। तहसील अध्यक्ष महेंद्र पांडेय ने कहा कि कमीशन भुगतान में लगातार देरी के कारण कोटेदारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। दुकान संचालन, परिवहन और अन्य आवश्यक खर्चों को वहन करना मुश्किल हो रहा है। पांडेय ने स्पष्ट किया कि यदि चालू माह में भी भुगतान नहीं होता है, तो फरवरी से राशन वितरण कार्य पूरी तरह से रोक दिया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद कोटेदार वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों की उदासीनता से उनकी समस्याएं और बढ़ रही हैं। सिंह ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# बजट में ताला और उद्यमियों को राहत की आस

**अलीगढ़ के उद्योगपतियों ने जीएसटी विसंगति को दूर करने और ट्रांसपोर्टेशन को बेहतर करने की उठाई मांग**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ, केंद्रीय बजट 2026 को लेकर अलीगढ़ के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में हलचल तेज हो गई है। विश्व प्रसिद्ध ताला और पीतल उद्योग से जुड़े उद्यमी बजट में उद्योग जगह के लिए बड़ी राहत की उम्मीद लगा रहे हैं। व्यापारियों का मानना है कि यदि इस बजट में व्यापारिक नियमों का सरलीकरण किया जाए और टैक्स संबंधी विसंगतियों को दूर किया जाए तो अलीगढ़ के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को नई गति मिल सकती है। औद्योगिक आस्थान निमार्ता विकास समिति के महासचिव दिनेश शास्त्री ने बजट से पहले चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कच्चे और पक्के माल के बीच ॠरळ दरों में भारी अंतर है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उद्यमियों को कच्चे माल की खरीद पर 4% जीएसटी देना पड़ता है, जबकि तैयार माल को बेचते समय यह दर बढ़कर 18% हो जाती है।

### जीएसटी दर को कम किया जाए

14% के भारी मार्जिन के कारण न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि दैनिक गणनाओं और लेखा-जोखा रखने में भी काफी जटिलता आ रही है। उन्होंने मांग की है कि तैयार माल पर ॠरळ की दर को कम करके इस अनुपात को संतुलित किया जाए, ताकि 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' के लक्ष्य को सही मायने में प्राप्त किया जा सके।

### व्यापार में किया जाए सरलीकरण

अलीगढ़ ब्रास स्टैच्यू एसोसिएशन के महासचिव कपिल कुमार वार्ष्णेय ने व्यापार में सरलीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए लॉजिस्टिक्स और रॉ मटेरियल की अनिश्चितता का मुद्दा उठाया। उनका कहना है कि अलीगढ़ से होने वाले माल के परिवहन (ट्रांसपोर्टेशन) के लिए कोई तय सरकारी मानक नहीं हैं। इससे ट्रांसपोर्टर्स अपनी मनमर्जी से रेट बढ़ाते रहते हैं।2 रुपए प्रति किलो बढ़ाया भाड़ाहाल ही में ट्रांसपोर्टर्स द्वारा 2 रुपए प्रति किलो की अतिरिक्त मांग ने व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है।

# अराजकतत्वों ने की मजार पर अभद्रता

**रील बनाकर सोशल मीडिया पर डाला, धार्मिक भावनाएं आहत होने पर की शिकायत, हिरासत में एक**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , बल्दीराय थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में एक मजार पर अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ युवकों ने मजार पर गाली-गलौज की और चादर फेंक दी। इस घटना का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया।ग्रामीणों ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उनका कहना है कि इस कृत्य से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनी रहे। सेमरा मजरे विरधौरा निवासी इलियास पुत्र इब्राहिम, जो कर्बला और मजार कमेटी के सदस्य हैं, ने बल्दीराय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, ग्राम मेघमऊ निवासी अनुज पुत्र अरविंद, अमन और दीपांश पुत्र अज्ञात पर धार्मिक स्थल को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही जांच शुरू कर दी गई है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस वायरल वीडियो की भी गहनता से जांच कर रही है।

# साइबर ठगी का आरोपी पंकज कुमार गिरफ्तार

**ऑनलाइन गेमिंग, ट्रेडिंग और लोन ऐप से करता था धोखाधड़ी**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग, ट्रेडिंग और लोन ऐप के माध्यम से की जा रही अंतरराज्यीय साइबर ठगी के एक आरोपी पंकज कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई धोखाधड़ी के एक मामले में की है। इससे पहले, 11 जुलाई 2025 को इसी मामले में तीन अन्य आरोपियों - शिवम तिवारी, अनुराग शुक्ला और अंकित पाल को भी गिरफ्तार किया गया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी पंकज कुमार ने बताया कि पहले गिरफ्तार किया गया अंकित पाल उसका दोस्त है। पंकज आशीष श्रीवास्तव (आलमबाग, लखनऊ) और अन्य साथियों की मदद से सीधे-साधे लोगों को बहला-फुसलाकर उनके पहचान पत्रों पर बैंक खाते खुलवाता था। इन खातों से अन्य व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत मोबाइल नंबरों को लिंक कराया जाता था। इसके बाद, वे सिम कार्ड और बैंक किट प्राप्त कर लेते थे। इन किटों का उपयोग साइबर अपराधी राजेश कुमार (पटना, बिहार) और शकील उर्फ रॉकी (गुवाहाटी, असम) को कूरियर के माध्यम से भेजने के लिए किया जाता था। आरोपी गेमिंग ऐप, ट्रेडिंग ऐप और लोन ऐप के जरिए साइबर धोखाधड़ी करते थे। धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि को इन खातों में मंगाया जाता था, जिसे बाद में निकालकर आपस में बांट लिया जाता था। पंकज ने बताया कि वर्तमान में सूरज यादव (ग्राम खम्हरिया गंगाराम, मझौवा बाबू हरैया, बस्ती, उत्तर प्रदेश) इस काम में उसका सहयोग करता है। पंकज कुछ लोगों के एटीएम कार्ड और बैंक पासबुक सूरज के पास भेज देता है।

# सुरक्षा कारणों से प्रतिकार यात्रा को नहीं मिली अनुमति

**एसडीएम और सीओ को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन दिया**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,पट्टी थाना क्षेत्र में प्रस्तावित प्रतिकार यात्रा को प्रशासन ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इसके विरोध में आयोजक मंडल ने प्रेस वार्ता की और बाद में एसडीएम व सीओ को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। यह प्रतिकार यात्रा ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अवमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से जुड़े एक विवाद के कारण प्रस्तावित की गई थी। माघ मेले के दौरान प्रशासन से हुए विवाद के बाद शंकराचार्य ने संगम स्नान नहीं किया था। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर 11 दिनों तक अनशन किया। आरोप है कि इस दौरान प्रशासन का कोई वरिष्ठ अधिकारी उनसे मिलने नहीं पहुंचा। अंततः शंकराचार्य बिना स्नान किए काशी विश्वनाथ स्थित अपने आश्रम लौट गए थे।इसी प्रकरण के विरोध में शंकराचार्य के शिष्य राजा सक्षम सिंह योगी के संयोजन में पट्टी क्षेत्र में प्रतिकार यात्रा प्रस्तावित की गई थी। आयोजकों ने यात्रा की अनुमति के लिए प्रशासन से आवेदन किया था। हालांकि, प्रशासन ने धारा 144 लागू होने का हवाला देते हुए अनुमति नहीं दी। इसके विरोध में सक्षम सिंह योगी के आवास पर एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए गए। प्रेस वार्ता के बाद आयोजक मंडल सीओ कार्यालय पहुंचा। वहां एसडीएम पट्टी पूर्णेंद्र मिश्र और पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान आचार्य जयराम पांडेय, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव (जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा), मुन्नू पांडेय, प्रवीण मिश्रा, हरिशंकर विद्यार्थी, जनार्दन तिवारी और सुरेश जयसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।इस संबंध में एसडीएम पट्टी पूर्णेंद्र मिश्र ने बताया कि आवेदन में यात्रा में शामिल होने वाली संख्या स्पष्ट नहीं थी और प्रस्तावित मार्ग भी काफी लंबा था।

## संक्षेप

### रोजगार केंद्रित अर्थव्यवस्था से ही विकास संभव

सोनभद्र। बजट के एक दिन पूर्व रोजगार अधिकार अभियान द्वारा आज राष्ट्रीय स्तर पर एक्स पर कैंपेन चलाया गया। जिसमें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री को टैग कर रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य पर बजट में धन बढ़ाने, सरकारी विभागों में खाली लगभग एक करोड़ पदों को समयबद्ध भरने की घोषणा करने, हर नागरिक के सम्मानजनक जीवन के संवैधानिक अधिकार की गारंटी करने और देश के कारपोरेट की संपत्ति पर समुचित टैक्स लगाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। रोजगार अधिकार अभियान के नेशनल कोऑर्डिनेटर राजेश सचान ने बताया कि इस अभियान में उत्तर प्रदेश के सोनभद्र, चंदौली, मिजार्पुर समेत विभिन्न जनपदों और झारखंड, दिल्ली व उत्तराखंड के नेताओं ने भाग लिया। पुरानी पेंशन बहाली मंच के विजय बंधु ने ओपीएस बहाली की मांग उठाते हुए कैम्पेन में हिस्सा लिया। राष्ट्रीय कुली मोर्चा के प्रतिनिधियों ने रेलवे में नौकरी की मांग करते हुए कैंपेन में पूरे देश में पोस्ट किए। कैंपेन के बारे में बताते हुए राजेश सचान ने कहा कि पूंजी गहन अर्थनीति के कारण आज राष्ट्रीय स्तर पर सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। देश के तमाम अर्थशास्त्रियों की राय है कि इससे आम आदमी की क्रयशक्ति में क्षरण हुआ है। सरकारी घोषणाओं के बावजूद सच्चाई यह है कि देश एक गंभीर आर्थिक मंदी की चपेट में है। इस रास्ते को बदलकर रोजगार केंद्रित श्रम गहन अर्थनीति को लाना होगा। यह देश में व्याप्त मंदी को भी हल करेगी और महंगाई भी इससे कंट्रोल होगी। उन्होंने कहा कि आज की इस कैंपेन में हमारा मुख्य जोर था कि देश के अरबपतियों की संपत्ति और उत्तराधिकार पर टैक्स लगाया जाए, काली पूंजी के अर्थव्यवस्था को नियंत्रित किया जाए ताकि इससे देश के हर नागरिक के सम्मानजनक जीवन, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी की जा सके। कैंपेन में शिक्षक नेता सुरेन्द्र पांडेय, राष्ट्रीय कुली मोर्चा के राम सुरेश यादव, शेख रहमतुल्लाह, प्रयागराज से युवा मंच के अर्जुन प्रसाद, सोनभद्र से रूबी सिंह गोंड, चंदौली से आलोक राजभर, विपिन कुमार साहू, विवेक मिश्रा, किशन कुमार, डा नीरज पति त्रिपाठी, ममता सिंह, धीरेंद्र सिंह, शोध छात्र दीपक अरोड़ा, एसके पांडेय, विनोद कुमार, अरूण कुमार, अनिल कुमार मलिक, अभिषेक शुक्ला, प्रदीप कौशिक, मधुसूदन चैहान, सुरेश चंद्र जाट आदि मौजूद रहे।

### क्षेत्राधिकारी ने मिशन शक्ति केन्द्र ओबरा का किया निरीक्षण

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार ने मिशन शक्ति केन्द्र ओबरा का निरीक्षण किया। इस दौरान मिशन शक्ति केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं, अभिलेखों, शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया तथा महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के समय क्षेत्राधिकारी ओबरा द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों को महिला सुरक्षा से संबंधित शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं एवं सहायता सेवाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया।

# जनपद पहुंचने पर डिप्टी सीएम का हुआ जगह-जगह भव्य स्वागत

## डिप्टी सीएम ने सीएचसी बिंदकी का किया औचक निरीक्षण, मचा रहा हडकम्प




**अमन लेखनी समाचार**

बिंदकी, फतेहपुरे कल सोमवार को दिन में करीब 2:00 बजे उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक लंबे काफिले के साथ जनपद की सीमा छिवली नदी पार करते हुए बिंदकी कस्बा पहुंचे। छिवलीनदी समेत बिंदकी कस्बे में उनका जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, बिंदकी क्षेत्र के विधायक जयकुमार सिंह जैकी, भाजपा जिला अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा सहित भारी संख्या मेंमौजूद लोगों ने डिप्टी सीएम का स्वागत किया। इसके अलावा औंग, चौडगरा, बिंदकी सहित विभिन्न स्थानों पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया गया। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बिंदकी कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से बातचीत किया और स्वास्थ्य तथा इलाज के बारे में जानकारी ली। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने एक महिला को देखा तो उसके बारे में जानकारी पूछी जिसमें बताया गया कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ्य है जिसके चलते डिप्टी सीएम ने उसका इलाज करने के निर्देश दिए यह भी कहा कि उसे प्रतिदिन भोजन अस्पताल से दिया जाए और कपड़े का भी इंतजाम किया जाए। इस मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अतुल द्विवेदी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की को संयुक्त चिकित्सालय के रूप में परिवर्तित करने की मांग की ताकि मरीजों को अधिक सुविधाएं मिल सके चिकित्सक बढ़ सके और मरीजों को अधिक लाभ मिल सके वही सर्व समाज विकास समिति के धर्मेंद्र मिश्रा तथा सात्विक शुक्ला ने डिप्टी सीएम से मांग किया कि राजकीय होम्यो चिकित्सालय बिंदकी एक छोटे से कमरे में संचालित है जिसके चलते लोगों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है ऐसी स्थिति में होम्योपैथिक चिकित्सालय का स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी परिसर में बनाया जाए। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखी जाए किसी प्रकार की कोई परेशानी ना आने पाए।

# महिला की हत्या का आरोप आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**



बिंदकी/ फतेहपुर, कोतवाली बिंदकी कस्बे के निकट फरीदपुर गांव की महिला ज्योति देवी उम्र लगभग 22 वर्ष पत्नी विनय कुमार की हत्या का आरोप ससुरालियों पर मृतका के भाई अनिल कुमार निवासी ग्राम दंदवा महमूदपुर थाना कल्यापुर ने लगाया है। इस मामले में मृतका के भाई अनिल कुमार की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार की सुबह लगभग 10:00 बजे मृतका के पति विनय कुमार, ससुर छेद्दी, चचिया ससुर सुल्तान तथा मलखान, नंदोई शत्रुघ्न तथा संतोष, देवर नितेश एवं एक अज्ञात कुल आठ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। बताते चलें कि मृतका ज्योति देवी की शादी 4 वर्ष पहले वर्ष 2022 में हुई थी। मृतका की एक डेढ़ वर्ष की पुत्री सौम्या देवी है। पुलिस में दर्ज कराए मुकदमे में मृतका के भाई अनिल कुमार ने कहा कि रविवार की देर शाम को उनको जानकारी मिली कि उनकी बहन ज्योति देवी की मौत हो गई है। जब वह लोग फरीदपुर गांव पहुंचे तो देखा कि उनकी बहन मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। गले में रस्सी का निशान था। अनिल का आरोप है कि बहन ज्योति देवी के ससुराल के लोगों ने दहेज के खातिर उसकी बहन को फांसी के फंदे में लटकार कर मार डाला। इस मामले में पुलिस ने रविवार व सोमवार की मध्य रात को मृतका ज्योति देवी के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दिल्ली-देहरादून हाईवे पर हादसा

### तेज रफ्तार पिकअप ने दीवान इंस्टिट्यूट के अफसर को मारी टक्कर, सीसीटीवी में कैद

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ , परतापुर थाना क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार छोटे हाथी ने दीवान इंस्टिट्यूट के लाइजनर ऑफिसर यालिश हाशमी को टक्कर मार दी। हादसे में यालिश गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सदर बाजार थाना क्षेत्र के निवासी यालिश हाशमी दीवान इंस्टिट्यूट में लाइजनर ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार को वे इंस्टिट्यूट से नमाज पढ़ने के लिए निकले थे और सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान दिल्ली की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार छोटे हाथी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि यालिश मौके पर ही गिरकर बेहोश हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया है। पीड़ित के



परिजनों ने अज्ञात छोटे हाथी चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी चालक और वाहन की पहचान में जुटी है।

# शिक्षा को मजबूत करने के लिए हम सभी मिलकर करेंगे काम--ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह

### ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी में अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों का हुआ सीधा सम्वाद

**अमन लेखनी समाचार**

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड मुख्यालय अंतर्गत कार्यशाला आयोजित हुई कार्यक्रम की अगुवाई खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल द्वारा की गई जहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम को गति प्रदान किया कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे तथा कुशल संचालन शिक्षा जगत के मूल शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी द्वारा किया गया कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल ने मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह को प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए आभार व्यक्त किया वहीं अध्यक्षता कर रहे खंड विकास अधिकारी ने उपस्थित प्रधानाध्यापको व शिक्षकों को सम्मानित करते हुए



क्षेत्र की शिक्षा केनिर्माण में पंचायत प्रतिनिधियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए सरकार द्वारा संचालित अन्य को योजनाओं के बारे में विस्तृत चचाएं की बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह ने बच्चों की नींव मजबूत करने हेतु शिक्षा की इकाई पर विशेष बल देने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया पंचायत प्रतिनिधियों को प्रेरणा देते हुए ब्लाक प्रमुख ने कहा कि निपुण भारत बनाने के लिए हम सभी को मिलकर एक इकाई की तरह धरातल पर कार्य दिखाना होगा जिससे प्रारंभ से ही बच्चे की नींव मजबूत होगी तथा बच्चे आगे चलकर हम सभी के साथ-साथ निपुण भारत का सपना साकार करेंगे इस मौके पर मुख्य अतिथियों के साथ भारी संख्या में प्रधानाध्यापकों शिक्षकों के साथ साथ क्षेत्रीय प्रधान व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे

# सरधना में अवैध बस स्टैंड से रोज लगता है जाम



### दौराला बिनोली मार्ग पर घंटों फंसे रहते हैं वाहन

**अमन लेखनी समाचार**

सरधना थाना क्षेत्र के दौराला बिनोली मार्ग पर स्थित एक अवैध बस स्टैंड लगातार यातायात जाम का कारण बन रहा है। इस मार्ग पर रात के समय ड्यूटी और कार्यालयों से लौटने वाले लोगों को अक्सर भारी जाम का सामना करना पड़ता है। अवैध रूप से बसों के जमावड़े के कारण यहां से गुजरने वाले वाहन घंटों तक फंसे रहते हैं। इससे यात्रियों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर स्थानीय व्यापार मंडल और दुकानदारों द्वारा लगातार अधिकारियों से शिकायतें की जा रही हैं। हालांकि, अभी तक इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। जाम की इस स्थिति से क्षेत्र की जनता में काफी नाराजगी है

# यातायात जागरूकता के दृष्टिगत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भाषण व प्रतियोगिता का आयोजन

### सड़क सुरक्षा पर आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**अमन लेखनी समाचार**



बलरामपुर/ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की उपस्थिति में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय द्वारा सड़क सुरक्षा थीम पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हौसला अफजाई की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों एवं विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की अवस्था में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने तथा पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन को यह संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन केवल दंड से बचने का माध्यम नहीं, बल्कि स्वयं एवं दूसरों के जीवन की सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है।

इस अवसर पर प्रभारी यातायात द्वारा उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि सड़क पर चलते समय प्रत्येक व्यक्ति के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। . सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करें–राहगीर बनें तथा 25,000 रुपये नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने का अवसर प्राप्त करें।

समापन समारोह में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एआरटीओ, 51 यूपी एनसीसी बटालियन के सीओ, सूबेदार सहित लगभग 50 एनसीसी कैडेट्स एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 14 साल की बहन से 5 लड़कों ने दरिंदगी की

## मेरठ में बहन बोली- पुलिस ने शिकायत बदलवाई, केवल एक लड़के को आरोपी बनाया

**अमन लेखनी समाचार**




मेरठ, मेरी बहन सिर्फ 14 साल की थी। दरिंदगी करने वाले 5 लड़के थे, मगर पुलिस ने सिर्फ 1 लड़के को आरोपी बनाया। हम झूठ क्यों बोलेंगे, किसी को जानते नहीं, किसी से दुश्मनी नहीं। हमारी शिकायत भी बदलवा दी गई। सिर्फ बहन को इंसाफ दिलाना है। रेप पीड़िता की बहन ये आरोप लगाते हुए रोने लगी। 25 जनवरी को रेप होने के बाद लड़की ने सल्फॉस खा लिया। 30 जनवरी को लड़की ने दम तोड़ दिया। परिवार ने हंगामा किया। भाई कहते हैं- बहन लहूलुहान हालत में मिली। वो इतने सदमे में थी कि खुद के बारे में सिर्फ टूटी-फूटी बातें कह पा रही थी। दर्द में थी, गांव में बेइज्जती का सोचकर उसने जान दे दी। ऐसे आरोपियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। मरने वाली लड़की डइउ बिरादरी से है। सियासत न शुरू हो जाए, इसलिए बहसूमा इलाके के महमूदपुर सिखेड़ा गांव की तरफ आने वाले सभी रास्तों को ब्लॉक कर दिया गया है। पुलिस सिर्फ गांव के रहने वालों को ही जाने दे रही है। मेरठ से 30 डे दूर महमूदपुर सिखेड़ा गांव है। यहां 25 जनवरी की रात 3 बजे लड़की अपने घर से करीब 1.5 डे दूर आरोपी अनुज के घर जाती है, वो दोनों पहले से एक दूसरे को जानते थे। आरोप है कि अनुज लड़की को शराब पिलाता है, फिर उसका रेप करता है। सौरभ, यामीन, अमन और एक अज्ञात लड़का भी लड़की से रेप करते हैं। फिर लहूलुहान हालत में लड़की को छोड़कर भाग जाते हैं। सुबह अनुज की मां ही लड़की को लेकर उसके घर जाती है, वो उस वक्त भी बेहद खराब हालत में थी। थोड़ा संभलने के बाद लड़की अपने साथ हुई आपबीती सुनाती है। लड़की को लेकर उसके परिवार के लोग अनुज के घर जाते हैं, मगर अनुज की मां कहती हैं- इस तरह से मैं तुम्हारी लड़की को नहीं रख सकती हूं घर वापस लौटने के बाद लड़की ने घर में रखा सल्फॉस खा लिया। बेटी की हालत बिगड़ने के बाद उसको मेडिकल कॉलेज में एडमिट किया गया। हालत बिगड़ने के बाद 29 जनवरी को उसे वेंटिलेटर पर लाया गया।

### दिमाग काम नहीं कर रहा, रात में ही दाह संस्कार का दबाव

डॉक्टर ने बताया कि लड़की का दिमाग ठीक से काम नहीं कर रहा है। शरीर सुन्न हो गया। 30 जनवरी को शाम 5 बजे पीड़िता ने वेंटिलेटर पर ही दम तोड़ दिया। रात 8 बजे पुलिस ने उसका पोस्टमॉर्टम कराया, फिर रात को ही पुलिस उसकी डेडबॉडी को गांव में लाई। रात में अंतिम संस्कार का दबाव बनाती रही, लेकिन घरवाले नहीं माने। पुलिस ने पूरे गांव को सील कर दिया। गांव के सभी एंट्री प्वाइंट पर फोर्स लगाकर बैरिकेडिंग कर दी गई।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन, 122 छात्राओं को दिलाई गई यातायात नियमों की शपथ

**अमन लेखनी समाचार**



फर्रुखाबाद, शासन के निर्देशानुसार 01 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, फतेहगढ़ में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि दिसंबर 2025 तक जनपद में कुल 490 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 284 लोगों की मृत्यु हुई। उन्होंने कहा कि लगभग 65 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन शामिल रहते हैं। सड़क सुरक्षा माह के दौरान परिवहन विभाग द्वारा 25 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए तथा 18 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया। एआरटीओ-प्रशासन श्री कृष्ण कुमार यादव ने नेक्स्ट जेन एम परिवहन एवं डिजीलॉकर एप के माध्यम से वाहन व ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित दस्तावेजों को मोबाइल में सुरक्षित रखने की जानकारी दी।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन, 122 छात्राओं को दिलाई गई यातायात नियमों की शपथ

**अमन लेखनी समाचार**

फर्रुखाबाद , शासन के निर्देशानुसार 01 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, फतेहगढ़ में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि दिसंबर 2025 तक जनपद में कुल 490 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 284 लोगों की मृत्यु हुई। उन्होंने कहा कि लगभग 65 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन शामिल रहते हैं। सड़क सुरक्षा माह के दौरान परिवहन विभाग द्वारा 25 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए तथा 18 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया। एआरटीओ-प्रशासन श्री कृष्ण कुमार यादव ने नेक्स्ट जेन एम परिवहन एवं डिजीलॉकर एप के माध्यम से वाहन व ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित दस्तावेजों को मोबाइल में सुरक्षित रखने की जानकारी दी।



# काशीराम कॉलोनी निवासियों ने की रात में पत्थर फेंकने की शिकायत

**अमन लेखनी समाचार**

फर्रुखाबाद , कायमगंज, कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में चीनी मिल के पास रेलवे लाइन से दक्षिण ओर तथा नहर के बीच काशीराम कॉलोनी स्थित है। यहां के निवासी प्रवीण जैन पुत्र हरिश्चंद्र ने उप जिला अधिकारी कायमगंज अतुल कुमार सिंह को शिकायती पत्र सौंप कर कहा है कि साहब रात के समय अराजक तत्वों ने कॉलोनी के आवासों में रहना दूबर कर दिया है। उनका कहना है कि जब हम कॉलोनी निवासी दिनभर की मेहनत से थके हारे रात को सोते हैं। उस समय अक्सर आए दिन अराजकतत्व कॉलोनी में घुस आते हैं और बे ईंट पत्थर फेंक कर उत्पाद मचाते हैं। उनके द्वारा फेंकें गए ईंट पत्थरों से कॉलोनी के आवासों में लगी खिड़कियां तथा दरवाजों को तो नुकसान होता ही है। वहीं खिड़कियों पर लगे शीशे टूटते हैं, और अंदर कमरों में सो रहे लोगों के ऊपर गिरकर चोट पहुंचाते हैं।



## संक्षेप

### राजमिस्त्री को मारने पीटने की रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर,हरदोई ।कोतवाली क्षेत्र के मखाईपुरवा मजरा दस्यौली गांव निवासी राजमिस्त्री करुणा शंकर 42 वर्ष ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 28 जनवरी 2026 की शाम 6 बजे भदार चौराहे से पैदल घर जा रहे थे। तभी मझरा औरेनी गॉव के बीच मझरा गांव निवासी अविनाश उर्फ अन्ना ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। मना करने पर उन्हें गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर लात घूंसो व लाठी-डंडों से मारा पीटा। जिससे उनके चेहरे व पूरे शरीर में चोटें आयी है। आरोपी जान माल की धमकी देकर फरार हो गया है प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### गौरा गांव में बैंक के पास मेन रोड पर खुला गड्ढा मौत को दे रही दावत

जिगना (मिजार्पुर)।जिगना थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरा गांव में जल जीवन मिशन के तहत संचालित हर घर नल योजना का कार्य अब ग्राम प्रधान को सुपुर्द कर दिया गया है। योजना के अंतर्गत बिछाई गई पाइप लाइन में आई लिकेज की मरम्मत ग्राम प्रधान बेचन सिंह द्वारा कराई जा रही है ।इसी क्रम में गौरा गांव के मौजा नारे पार इंडियन बैंक के पास मेन सड़क किनारे गड्ढा खोदकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। यह मार्ग जिगना से मनिकठी होते हुए परवानपुर पिपा पुल के रास्ते सेमराधनाथ होकर भदोही जाने का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिस पर दिन-रात वाहनों का आवागमन बना रहता है ।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर खुला छोड़ा गया यह गड्ढा खासकर रात के समय राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। अंधेरे में गड्ढा दिखाई न देने के कारण दुर्घटना की प्रबल आशंका है ।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गड्ढे को भरकर सड़क को दुरुस्त नहीं किया गया, तो आने वाले समय में किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए और सड़क को सुरक्षित बनाया जाए

# दीवार लेखन के जरिए फैलाई जा रही डायरिया के प्रति जागरुकता की अलख

**जनपद के 55 प्रमुख स्थानों व अस्पतालों में कराया गया है दीवार लेखन**

**पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से चलाया जा रहा डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम**

अमन लेखनी समाचार




मिजार्पुर, 03 फरवरी। शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के लिए दीवार लेखन के जरिए डायरिया के प्रति जागरूकता की अलख जगाई जा रही है। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से जनपद में चलाये जा रहे डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत यह पहल की गयी है। इसके लिए ऐसे स्थलों को चयनित किया गया है, जहाँ पर ज्यादा से ज्यादा लोगों की नजर जाए और वहां लिखे संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में लोग मददगार बन सकें। जनपद के 55 प्रमुख स्थानों पर अब तक डायरिया के प्रति जागरूकता सम्बन्धी संदेशों को दीवार लेखन के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने की कोशिश की गयी है ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सी. एल. वर्मा का कहना है कि डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम मिजार्पुर समेत उत्तर प्रदेश के 13 जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य शून्य से पांच साल तक के बच्चों की डायरिया के कारण होने वाली मृत्यु दर को शून्य करना और दस्त प्रबंधन को बढ़ावा देना है। डायरिया से किसी भी बच्चे की मौत न होने पाए, इसके लिए समुदाय में जागरूकता बहुत जरूरी है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) डॉ. वी. के. चौधरी का कहना है कि दीवार लेखन जागरूकता के लिए एक सशक्त माध्यम साबित हो सकता है ।इस दिशा में पीएसआई इंडिया और केनव्यू के माध्यम से किये जा रहे प्रयासों को उन्होंने सराहा। कार्यक्रम के तहत फ्रंटलाइन वर्कर को प्रशिक्षित किया जा रहा है और निजी क्षेत्र के चिकित्सकों व अस्पतालों को भी जोड़ा जा रहा है। जनपद के चील्ह क्षेत्र में एक प्रमुख स्थान पर दीवार लेखन कर ह्वओआरएस और जिंक के साथ, डायरिया से डर नहींह्व शीर्षक के तहत लिखे गए सन्देश इस प्रकार हैं- टीकाकरण सारणी के अनुसार सारे टीके लगवाएं और रोटावायरस, विटामिन ए को लेना न भूलें। भोजन को ढककर रखें ताकि मक्खियाँ उस पर न बैठें। जिंक की खुराक को दस्त ठीक होने के बाद भी 14 दिनों तक जारी रखें। पीने के पानी को साफ रखें और पीने के पानी को निकालने के लिए डंडीदार लोटे का प्रयोग करें ।छह माह से छोटे बच्चों को दस्त होने पर भी स्तनपान जारी रखें ।डायरिया के दौरान ओआरएस से शरीर में पानी की कमी को रोकें। इसी तरह अन्य स्थलों पर भी दीवार लेखन के माध्यम से जन-जन को बताया जा रहा है कि बच्चे को दिन में तीन बार से अधिक पतली दस्त हो, प्यास ज्यादा लगे और आँखें धंस गयी हों तो यह डायरिया के लक्षण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चे को जल्दी से जल्दी ओआरएस का घोल देना शुरू करें और तब तक इस घोल को देते रहें जब तक की दस्त ठीक न हो जाए। इसके साथ ही निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से सम्पर्क करना चाहिए। इसके अलावा स्थानीय एएनएम या आशा दीदी के सहयोग से जिंक की गोली प्राप्त कर सकते हैं और उनके द्वारा बताये गए तरीके से 14 दिनों तक बच्चों को अवश्य दें। डायरिया से बचाव के लिए साफ-सफाई सम्बन्धी जरूरी संदेशों को भी प्रचारित किया जा रहा है ।यह सन्देश कुछ इस तरह हैं- शौच और बच्चों का मल साफ करने के बाद, भोजन बनाने और खिलाने से पहले हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह अवश्य धुलें। माताएं छह माह से ऊपर के बच्चों को स्तनपान कराती रहें और हमेशा साफ-सुथरा पानी ही पिलाएं। छह माह से कम उम्र के बच्चों को स्तनपान के अलावा बाहरी कोई भी चीज न दें यहाँ तक कि पानी भी नहीं। इस अवस्था में बाहरी चीज देने से संक्रमण का जोखिम बना रहता है। मां के दूध में बच्चे की जरूरत के मुताबिक पानी की मात्रा होती है, इसलिए बाहर से पानी भी न पिलाएं।

# हरदोई में मासूम की देहरी भी सुरक्षित नहीं, आवारा कुत्तों के हमले में दो साल का बच्चा गंभीर

अमन लेखनी समाचार

हरदोई जनपद के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र से सामने आई एक दर्दनाक घटना ने गांवों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम मढ़िया में घर के सामने खेल रहे एक दो वर्षीय मासूम पर आवारा कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। यह मंजर इतना भयावह था कि कुछ ही पलों में घर की खुशियां चीखों और अफरातफरी में बदल गईं ।बताया गया कि गांव निवासी प्रवीण बाजपेई का दो साल का बेटा अर्चित रोज की तरह अपने घर के गेट के पास खेल रहा था। इसी दौरान चार से पांच आवारा कुत्ते अचानक उस पर टूट पड़े और उसे बुरी तरह घायल कर दिया। कुत्ते बच्चे को घसीटते हुए ले जाने लगे। मासूम की चीख-पुकार सुनकर उसकी चाची शोभा ने तुरंत शोर मचाया और मदद के लिए दौड़ पड़ीं ।शोर सुनते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों को आता देख कुत्ते बच्चे को गंभीर हालत में छोड़कर भाग निकले। खून से लथपथ अर्चित को परिजन तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार बच्चे की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है और वह जिंदगी की जंग लड़ रहा है ।यह घटना सिर्फ एक परिवार का दर्द नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है। गांवों और कस्बों में बढ़ती आवारा कुत्तों की संख्या अब बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। अभिभावकों से अपील है कि छोटे बच्चों को अकेला न छोड़ें, वहीं प्रशासन से मांग है कि इस गंभीर समस्या पर तुरंत कार्रवाई कर मासूम जिंदगियों को सुरक्षित किया जाये।

# ग्राम कचीर के उप स्वास्थ्य केंद्र का एसआरएम टीम द्वारा किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

गरौठा। सोमवार को ग्राम कचीर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में राज्य द्वारा निर्धारित एसआरएम टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने ओपीडी रजिस्टर, सिटीजन चार्टर, मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण में स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई, समस्त रिकॉर्ड, जन आरोग्य समिति की कार्यप्रणाली, गर्भवती महिलाओं की जांच तथा बच्चों के टीकाकरण की व्यवस्था को देखा गया। टीम द्वारा कुछ व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान केंद्र में उपलब्ध समस्त दवाइयां एवं जांच सुविधाएं मानक के अनुरूप पाई गईं, जिस पर टीम ने संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक बामौर के अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ,डॉक्टर विवेक सोनी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कुलदीप धाकड़, एएनएम सरोज राय, आशा कार्यकत्री बिंदवती, आंगनवाड़ी कार्यकत्री आमना वानों सहित अन्य सहयोगी गण उपस्थित रहे।

# कुलदीप द्विवेदी पर दर्ज एफ आई आर के खिलाफ सवर्ण चेतना सभा का हल्ला बोल, मुख्यमंत्री योगी को भेजा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद में सवर्ण चेतना सभा ने कुलदीप द्विवेदी पर दर्ज हुई प्राथमिकी को 'राजनीतिक साजिश' करार देते हुए मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा, जिसमें निष्पक्ष जांच और एफआईआर को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है ।सवर्ण चेतना सभा के छात्र संघ अध्यक्ष आदर्श मिश्रा ने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि एक खास राजनीतिक संगठन के दबाव में आकर कुलदीप द्विवेदी के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहाःसत्ता और संगठन के रसूख का इस्तेमाल कर निदोर्षों को फंसाया जा रहा है। हम मुख्यमंत्री जी से मांग करते हैं कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और द्वेषपूर्ण तरीके से दर्ज की गई इस एफआईआर को खत्म किया जाए ।ऱ आदर्श मिश्रा ने जिला प्रशासन को चेताते हुए कहा कि यदि झूठी एफआईआर वापस नहीं ली गई और संबंधित राजनीतिक संगठन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो सवर्ण चेतना सभा चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि न्याय न मिलने की स्थिति में संगठन व्यापक जन-आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस विरोध प्रदर्शन में कानून के जानकारों और प्रबुद्ध वर्ग की भारी मौजूदगी रही, जिससे शासन पर दबाव बढ़ता दिख रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित लोग उपस्थित रहे ।विजय पांडे जिला उपाध्यक्ष, अधिवक्ता सभा राम जी अवस्थी जिला मीडिया प्रभारी अधिवक्ता सुबोध पांडे, शिवमोहन शुक्ला, पुनीत दिक्षितविमल मिश्रा, संदीप अग्निहोत्री, आशीष त्रिपाठीशिवम मिश्रा, अनूप दीक्षित, ललित मिश्रा आदि।

# पांच पर खेत जबरदस्ती कब्जा करके फसल बोने की रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर,हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मजरा बरनई चतरखा गांव निवासी सरोजनी पुत्री स्वर्गीय बाबूराम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान है। दोनों की मृत्यु के बाद उनके पिता की गॉव में ही स्थित भूमि गाटा संख्या 1240 पर 1104 को काफी समय से जोतती बोती चली आ रही है। उनकीकी मां की मृत्यु के बाद गांव के रोशनलाल, बालकराम, रामलखन,आलोक राजपूत व संजीव कुमार उनकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने लगे। जिस पर उन्होंने नायब तहसीलदार सवायजपुर को प्रार्थना पत्र दिया। नायब तहसीलदार ने आरोपियों को जमीन जोतने बोने से मना किया। इसके बावजूद आरोपियों ने दबंगई के बल पर उनकी जमीन जोतकर गेहूं की फसल बो दी है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# गरौठा कोतवाली में शब-ए-बारात व रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित



अमन लेखनी समाचार

गरौठा। कोतवाली गरौठा परिसर में आगामी पर्व शब-ए-बारात एवं रमजान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप निरीक्षक सुशील कुमार द्विवेदी ने की ।बैठक में शब-ए-बारात एवं रमजान पर्व के दौरान आयोजित होने वाले धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उप निरीक्षक सुशील कुमार द्विवेदी ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे, शांति एवं सद्भाव बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें ।बैठक में एस आई राजकुमार पटेल, होमगार्ड रामबिहारी, महादेव, नागराम, जुगल किशोर सोनी सहित एड० अय्यूब सिद्दीकी, रामपाल खरे, परमानंद एवं क्षेत्रीय ग्रामों के ग्राम प्रधान, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे ।पुलिस प्रशासन ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

# अमृत सरोवर योजना चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

**कागजों में लहराया विकास का परचम —जमीन हकीकत पर उठे सवाल**

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। विकास खंड टोडरपुर क्षेत्र के गांव उमरौली में सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना का उद्देश्य गांवों में जल संरक्षण, भूजल रिचार्ज और रोजगार सृजन था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उल्टा दिखाई दे रही है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद सरोवर अधूरा हैं, साफ पानी की जगह, अमृत सरोवर में जलकुंभी व जिम्मेदार ने उच्च अधिकारियों की मिली भगत से मछली पालन कर हो रहा है क जो निर्माण गुणवत्ता और निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह मामला विकास खंड टोंडरपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत उमरौली के मजरा सुंदरपुर में जागेश्वर धाम के पास स्थित अमृत सरोवर के नाम पर लाखों की सरकारी धन राशि पर चूना लगाया गया है क जहाँ स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि मानक के विपरीत घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, मापदंडों को नजर अंदाज कर कागजों में कार्य पूर्ण दिखाया गया है क और दो बार भुगतान निकाल लिया गया है ।नतीजतन, बरसात खत्म होते ही सरोवर दम तोड़ देते हैं। योजना के तहत मजदूरी और रोजगार देने का दावा हवा- हवाई, लेकिन फर्जी हाजिरी और काम के बिना भुगतान के आरोप भी उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतें करने पर जांच सिर्फ औपचारिकता बनकर रह जाती है, दोषियों पर कार्रवाई नही होती है। ग्रामीणों की मांग है कि अनियमितताएं करने वालों पर एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, और अधूरे सरोवर का पुनर्निर्माण कराया जाए। अन्यथा जल संकट से जूझते गांवों के लिए यह योजना राहत नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का एक और उदाहरण बनकर रह जाएगी।

# मानिकपुर पाठा के ग्रामों को पहले बदमाशों ने लूटा अब प्रधान सचिव लूट रहे हैं प्रमोद मिश्रा

संवाददाता

चित्रकूट ।जनपद के मानिकपुर ब्लॉक में सरकारी योजनाओं के तहत होने वाले भुगतान को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। सूत्रों के मुताबिक, कुछ ग्राम सचिवों और ग्राम प्रधानों की कथित मिलीभगत से कई ग्राम पंचायतों में फर्जी भुगतान किए जा रहे हैं। आरोप है कि वास्तविक कार्यों के बजाय मनमानी तरीके से चुनिंदा फर्मों के नाम पर धनराशि स्वीकृत कर निकाली जा रही है। बताया जा रहा है कि विकास कार्यों, सामग्री आपूर्ति और मजदूरी भुगतान के नाम पर तैयार किए गए दस्तावेजों में भारी अनियमितताएं पाई गई हैं। कई मामलों में जमीनी स्तर पर काम अधूरा या न के बराबर होने के बावजूद कागजों में पूर्ण दर्शाकर भुगतान कर दिया गया। इससे सरकारी खजाने को




नुकसान और ग्रामीणों के अधिकारों का हनन होने की आशंका जताई जा रही है। दसकों पहले बदमाशों ने मानिकपुर पाठा के ग्रामों को लूट तथा अपेक्षित किया तथा अब प्रधान सचिव योजनाओं में डाका डाल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, गौशालाओं में कार्यरत चरवाहों और अन्य कर्मचारियों के वेतन/मानदेय का भुगतान भी कथित तौर पर सीधे उन्हें न देकर फर्मों के नाम पर दशार्या गया। आरोप है कि इस तरीके से वास्तविक लाभार्थियों तक राशि नहीं पहुंची, जबकि कागजों में भुगतान पूर्ण दिखा दिया गया। इससे गौशाला संचालन में भी पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं तथा राज्य वित्त व केंद्र वित्त के पैसे में घपला किया जाता है ऑनलाइन खातों का पैसा देकर के महानता बताई जाती। सूत्र यह भी संकेत दे रहे हैं कि पूरे मामले में कुछ अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध हो सकती है, जिससे जांच की मांग और तेज हो गई है। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस संबंध में संबंधित अधिकारियों का कहना है कि यदि शिकायतें मिलती हैं तो मामले की जांच कराई जाएगी और नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या इस कथित घोटाले की परतें खुलेंगी और जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी।

# बिलग्राम में भीम आर्मी की 'दबंगई' का निकला दम, पुलिस ने तोड़ा अराजकता का गुरूर!

## घटना का वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल

अमन लेखनी समाचार

हरदोई बिलग्राम ।खाकी को ललकारना और कानून की मयार्दा लांघना भीम आर्मी के कार्यकताओं को बहुत महंगा पड़ गया है। बिलग्राम की सड़कों पर जिस 'दबंगई' का प्रदर्शन किया गया, अब उसी का हिसाब करने के लिए पुलिस ने कानूनी शिकंजा कस दिया है। सरेआम गाली-गलौज और पुलिस को धमकाने वाले कथित नेताओं पर मुकदमों की ऐसी बौछार हुई है कि अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ही उनके खिलाफ सबसे बड़ा सबूत बन गए हैं ।मामला साण्डी थाना क्षेत्र की एक घटना से जुड़ा है, जहाँ अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील मौके को भी इन कार्यकताओं ने अखाड़ा बना दिया। दरोगा अक्षय मलिक की तहरीर के अनुसार, भीम आर्मी के कार्यकताओं ने न केवल मानवता को शर्मसार करते हुए अंतिम संस्कार को रोका, बल्कि हाथों में लाठी-डंडे लहराकर पुलिस प्रशासन को खुलेआम चुनौती दी ।पुलिस ने नामजद एफआईआर दर्ज कर भीम आर्मी के कई चेहरों को बेनकाब कर दिया है,जिनमे रितेश पासी मीडिया प्रभारी प्रेम पाल गौतम तहसील अध्यक्ष बलराम ब्लॉक अध्यक्ष अंकित व राहुल वर्मा सहित 15 अन्य अज्ञात उपद्रवियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज...वीडियो में साफ दिख रहा है कि कैसे ये कार्यकर्ता वर्दी का अपमान कर रहे हैं और अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। पुलिस के इकबाल को चैलेंज करने वालों को कड़ा संदेश देते हुए प्रशासन ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

बिलग्राम पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी संगठन का झंडा थामकर अराजकता फैलाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। वीडियो में दिख रहे एक-एक उपद्रवी को चिह्नित किया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके के अराजक तत्वों में हड़कंप मच गया है। वर्दी पर हाथ डालने और कानून को ठेंगे पर रखने वालों के लिए जेल के दरवाजे खुल चुके हैं। पुलिस का इकबाल बुलंद था, है और रहेगा!

# भाजपा सरकार शिक्षा व्यवस्था को कर रही कमजोर,सपा प्रदेश अध्यक्ष का बयान

अमन लेखनी समाचार

हरदोई के संडीला पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने सरकार पर निशाना साधा ।एसआईआर के साथ मदरसों की विदेशी फंडिंग की जांच पर सरकार को सवालों के घेरे में खड़ा किया और कहाकि सरकार शिक्षा व्यवस्था को चौपट करना चाहती है ।सपा प्रदेश अध्यक्ष का सण्डीला नगर में पार्टी कार्यालय पर कार्यकताओं ने स्वागत किया ।पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप जिलाध्यक्ष शराफत अली के साथ श्यामलाल पाल पहुंचे थे ।प्रेस वार्ता में सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा मदरसों में विदेशी फंडिंग की जांच के सवाल पर कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करना चाहती है यह सिर्फ मदरसा ही नहीं स्कूल भी नहीं चलाना चाहते हैं उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ समय पूर्व करीब 30 हजार स्कूल बंद करने अथवा मर्जर करने का आदेश कर चुकी है भाजपा नहीं चाहती कि पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, शोषित शिक्षित हो सके ।केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए के बजट पर उन्होंने कहा कि यह बजट ना शिक्षा के अनुकूल है ना किसानों के अनुकूल है यह बजट सिर्फ सामंतवादियों एवं पूंजीवादियों के लिए बजट अनुकूल है ।अखिलेश यादव द्वारा एसआईआर में फर्जी फॉर्म भरकर वोट कटवाने के ट्वीट पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा एसआईआर में बढ़ चढकर हिस्सा लिया खासकर अल्पसंख्यक समाज में जागरूकता दिखाई अब इन्हें चिंता है कि हम सत्ता से हट जाएंगे फॉर्म 7 में नाम और इपिक नंबर लिखकर बीएलओ पर दवाब बना रहे है। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में प्रत्येक बूथ हो रहा है ।मुसलमानों के वोट कटवाना चाह रहे देवरिया में अभी एक बीएलओ ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली ।बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान में सभी लोगों को मत का अधिकारी दिया ताकि अपना राजा चुन सके। भाजपा पीड़ित शोषित अपना राजा न चुन सके ये इसीलिए ऐसा कर रही है।

# रविदास जयंती पर सामाजिक समरसता संगोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मिर्जापुर। विश्व हिंदू महासंघ मिर्जापुर की ओर से रविवार, 1 फरवरी 2026 को अजोरा गार्डेन, पांडेयपुर में संत शिरोमणि पूज्य गुरु रविदास जी के प्राकट्य दिवस के अवसर पर साप्ताहिक सामाजिक समरसता संगोष्ठी एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री नागेश्वर प्रसाद गोड जी द्वारा गुरु रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समरसता ही हिंदुत्व का प्राण है। समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, जाति और भेदभाव की खाइयों को पाटने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर पाप की वृद्धि होती है, तब-तब परमात्मा किसी न किसी रूप और जाति में अवतरित होकर अधर्म का नाश और धर्म की रक्षा करते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोविंद शुक्ला जी ने कहा कि चौदहवीं शताब्दी में जब वर्ण व्यवस्था के नाम पर समाज के एक वर्ग पर अत्याचार बढ़ने लगे थे, तब भविष्य पुराण में वर्णित भविष्यवाणी के अनुसार भगवान श्रीहरि ने गुरु रविदास जी महाराज के रूप में अवतार लेकर समाज को दिशा देने का कार्य किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रधान राजू सिंह ने कहा कि समरसता हिंदुत्व की आत्मा है और इसकी रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।

# बाबा साहेब के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, भीम आर्मी का हंगामा

अमन लेखनी समाचार

पिहानी,हरदोई ।भीम आर्मी के कार्यकताओं ने बाबा भीमराव आंबेडकर के खिलाफ मोबाइल पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में कोतवाली पिहानी क्षेत्र के ग्राम सभा इटरा में हंगामा किया। धर्मेंद्र के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पुलिस को तहरीर दी, जिसके बाद मुकदमा दर्ज करआरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा रहा है। ।यह घटना समाज में आक्रोश का कारण बनी है। इटरा में रोड को भी भीम आर्मी के कार्यकताओं ने कुछ देर के लिए बाधित किया। कोतवाल छोटेलाल का कहना है कि तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है, शीघ्र ही गंभीरता से जांच कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी ।भीम आर्मी के कार्यकताओं ने बाबा भीमराव आंबेडकर के खिलाफ मोबाइल फोन पर अभद्र भाषा की टिप्पणी करने के विरोध में इटरा में हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया है है। सीओ अजीत चौहान के मुताबिक भीम आर्मी के धर्मेंद्रके नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्रित होकर इटारा में पहुंचे। कार्यकताओं ने बाबा साहेब के बारे में अभद्र टिप्पणी को लेकर हंगामा किया। आरोप है कि उसने मोबाइल फोन पर भारतीय संविधान निमार्ता बाबा डॉक्टर भीमराव आंबेडकर पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए वीडियो वायरल कर दी। जिसको लेकर समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# शुरू हुई रश्मिका और विजय देवरकोंडा की शादी की तैयारी

मुंबई। काफी समय से साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी को लेकर खबर चल रही है। ऐसी चर्चा थी कि फरवरी महीने में दोनों शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर उदयपुर से एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दावा किया गया है कि यहां पर रश्मिका और विजय देवरकोंडा की शादी होने वाली है। यह शादी 2 फरवरी को होगी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जो उदयपुर के सिटी प्लेस का है। इस वीडियो में दो लड़कियां बताती हैं कि यहां पर रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की कल शादी होने वाली है।

## लाइफ Style

# नीलम



## गोविंदा के साथ रोमांस की अफवाहों पर रखी राय

अभिनेता गोविंदा कई वजहों से अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अब वह अभिनेत्री नीलम के बयान के बाद चर्चा में आ गए हैं। 1980 और 1990 के दशक में गोविंदा ने नीलम कोठारी के साथ कई फिल्मों में काम किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दोनों ने अपनी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री से दर्शकों का दिल जीता। अक्सर उनके रोमांस की अफवाहें उड़ीं। गोविंदा ने यह माना कि वह नीलम की तरफ आकर्षित थे। उन्होंने उनसे शादी करने के बारे में सोचा था। हालांकि, नीलम ने अब इस तरह की बातों को पूरी तरह से खारिज किया है। उषा काकडे प्रोडक्शन के साथ बातचीत में नीलम कोठारी से गोविंदा के साथ रोमांस के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा 'यह किसने कहा? गोविंदा जी बहुत ही अच्छे इंसान हैं, मगर यह जो सवाल है, यह सच नहीं है। हमने कई हिट फिल्में की हैं। हमारे बीच कुछ नहीं था।' एक्ट्रेस ने 90 के दशक में अपनी केमिस्ट्री को लेकर मीडिया में मचे बवाल के बारे में कहा, 'मुझे लगता है कि उस वक्त लिंक-अप्स पर कोई सफाई देने वाला नहीं था। उन्हें जो मन करता था, वे छाप देते थे। मुझे लगता है कि उन दिनों हम प्रेस से डरते थे। अगर आप किसी के साथ लगातार 2-3 से ज्यादा फिल्में करते थे, तो यह मान लिया जाता था कि... आप दोनों साथ हैं।' 1980 और 1990 के दशक की शुरुआत में, गोविंदा और नीलम कोठारी ने लगभग एक दर्जन फिल्मों में काम किया। इसमें 'इल्जाम', 'खुदगर्ज', सिंदूर, फर्ज की जंग, बिल्लू बादशाह, ताकतवर और घराना जैसी फिल्में शामिल हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# रैपर पर टूटा दुखों का पहाड़

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के लोकप्रिय रैपर-सिंगर और एक्टर स्नूप डॉग की पोती का निधन हो गया है। स्नूप की महज दस महीने की पोती कोडी ड्रेक्स का निधन 26 जनवरी को हुआ। बेबी कोडी अस्पताल में भर्ती थी। घर लौटने के कुछ ही हफ्ते बाद बच्ची का निधन हो गया। बता दें कि कोडी, स्नूप डॉग की बेटी कोरी ब्रॉडस की बिटिया थीं। कोरी ब्रॉडस, स्नैप डॉग की सबसे छोटी संतान हैं और वे इकलौती बेटी हैं। कोरी की दस महीने की बेटी कोडी ड्रेक्स के निधन से परिवार शोक में डूबा है।



# कैथरीन को याद किया एक्टर मैकाले ने ...

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की चर्चित फिल्म 'होम अलोन' की एक्ट्रेस कैथरीन ओहारा ने निधन से हॉलीवुड में दुख की लहर है। उनके साथ अभिनय करने वाले कलाकार भी गमगीन हैं। 'होम अलोन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के रोल में दिखे मैकाले कल्किन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कैथरीन को याद किया है। फिल्म 'होम अलोन' में साल 1990 में रिलीज हुई थी। उस वक्त मैकाले कल्किन एक चाइल्ड आर्टिस्ट थे। अब वह 45 साल के हो चुके हैं। फिल्म 'होम अलोन' में उनके किरदार केविन की मां का रोल कैथरीन ने निभाया था। मैकाले, कैथरीन के काफी करीब थे। एक्ट्रेस के निधन की खबर सुनकर वह काफी दुखी हैं। शनिवार को मैकाले कल्किन ने एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए कैथरीन को याद किया है।



# अरिजीत के फैसले पर जताई हैरानी...

मुंबई। अरिजीत सिंह ने अचानक प्लेबैक सिंगिंग छोड़ने के अपने फैसले से हर किसी को हैरान कर दिया। अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने भी अरिजीत सिंह के फैसले पर हैरानी जताई है। साथ ही उनका कहना है कि वो अब फिल्मों में अरिजीत के गानों को मिस करेंगी। अदिति ने कहा कि हे भगवान! मुझे अरिजीत की आवाज बहुत ही पसंद है। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। उनकी आवाज की बहुत याद आएगी। लेकिन आप जानते हैं, मेरा मानना है कि एक कलाकार हमेशा कलाकार रहता है। एक रचनाकार हमेशा रचनाकार रहता है और कुछ भी हो सकता है। लेकिन कुछ करने की शक्ति, इच्छाशक्ति, सपना, प्रेम हमेशा आपके भीतर रहता है। एक रचनाकार हमेशा सृजन करता रहेगा। इसलिए वह हमेशा गाते रहेंगे।



# 'टॉक्सिक' के टीजर का का किया बचाव

मुंबई। फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' के टीजर का सपोर्ट किया है। उन्होंने बताया कि टॉक्सिक के क्लिप के खिलाफ विरोध से पता चलता है कि दर्शक स्क्रीन पर पुरुष और महिला की सेक्सुअलिटी पर कैसे दोहरा रवैया अपनाते हैं। 17वें बेंगलुरु इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान 'फियरलेस फिल्ममेकिंग' नाम के एक सेशन में अनुराग कश्यप ने कहा, 'टॉक्सिक के टीजर के खिलाफ जो गुस्सा दिखाया जा रहा है, वह हमारे कल्चरल पाखंड को दिखाता है। जब मेल एक्टर स्क्रीन पर शर्टलेस दिखते हैं या मर्दानगी दिखाते हैं, तो कोई सवाल नहीं उठाता। लेकिन जब कोई महिला अपनी सेक्सुअलिटी को दिखाती है, तो उसे स्वीकार करना मुश्किल हो जाता है।'

## टीवी मसाला



# टीवी की 'नागिन' चली बड़े पर्दे की राह कई सीरियल्स पर बनीं चर्चित फिल्में

मुंबई। एकता कपूर सीरियल 'नागिन' सीरीज को फिल्म के तौर पर भी पेश करने वाली है। ऐसी चर्चा सुनने को मिल रही है। जानिए, 'नागिन' सीरियल से पहले कौन-कौन से सीरियल पर फिल्म बन चुकी है। कुछ हिंदी टीवी सीरियल की कहानी बॉलीवुड फिल्मों से इंस्पायर होती है। लेकिन कुछ सीरियल अपने अलग तरह के कंटेंट की वजह से चर्चा में रहते हैं। इन दिनों 'नागिन 7' ने टीवी सीरियल की दुनिया में हलचल मचा रखी है। खबर है कि प्रोड्यूसर एकता कपूर अब इस सीरियल को फिल्म के तौर पर भी बनाने वाली है। लेकिन यह पहला सीरियल नहीं होगा, जिस पर फिल्म बन रही है। इससे पहले भी कई सीरियल ने यह राह पकड़ी है। जानिए, ऐसे ही कुछ चर्चित सीरियल्स के बारे में।

**नागिन** : हाल ही में एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'नागिन 7' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ है। तीसरे हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसने टॉप पर जगह बनाई है। यह सीरियल दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। सीरियल में नागिन का लीड रोल प्रियंका चाहर चौधरी निभाई रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस टीवी सीरीज पर अब प्रोड्यूसर एकता कपूर फिल्म बनाने का सोच रही हैं। तो दर्शकों को टीवी की 'नागिन' बड़े पर्दे पर दिख सकती है।

**खिचड़ी** : सीरियल 'खिचड़ी' को दर्शकों ने टीवी पर खूब प्यार दिया था। यह कॉमेडी सीरियल जेडी मजेठिया ने प्रोड्यूस किया था। इस सीरियल पर एक फिल्म 'खिचड़ी द मूवी' साल 2010 में बनी थी। फिल्म में भी सीरियल की कास्ट नजर आई। इसमें सुप्रिया पाठक, राजीव मेहता, निमिषा वखारिया और जमनादास मजेठिया लीड रोल में दिखे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी ठीक-ठाक कलेक्शन किया था। साल 2023 में 'खिचड़ी 2' फिल्म भी रिलीज हुई थी। इन दोनों फिल्मों को फिल्म आतिश कपाड़िया ने निर्देशित किया था।

**चला मुसद्दी ऑफिस ऑफिस** : साल 2010 में पंकज कपूर अभिनीत फिल्म 'चला मुसद्दी ऑफिस ऑफिस' भी रिलीज हुई। यह फिल्म भी टीवी के पॉपुलर सटायर कॉमेडी शो 'ऑफिस ऑफिस' पर बनी थी, यह सीरियल 2001 में टीवी पर टेलीकास्ट हुआ था। सीरियल और फिल्म में पंकज कपूर एक आम आदमी के रोल में नजर आए, जो सरकारी सिस्टम के जाल, भ्रष्टाचार के बीच फंस जाता है। फिल्म के निर्देशक राजीव मेहरा थे।

**भाबी जी घर पर हैं** : सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' भी टीवी पर कई साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। अब इस सीरियल के किरदार और कहानी को दर्शक बड़े पर्दे पर फिल्म के रूप में देखेंगे। सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं' 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म को शंशाक बाली ने निर्देशित किया है।

# गौरव खन्ना के तलाक की चर्चा पर आकांक्षा ने दी प्रतिक्रिया

मुंबई। गौरव खन्ना बिग बॉस 19 जीतने के बाद से लगातार चर्चाओं में बने हैं। कभी अपनी पार्टी तो कभी अपनी पत्नी का डांस और अब पत्नी की एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर। अब हाल ही में गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला ने एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा की थी। जिसके बाद गौरव और आकांक्षा के तलाक के कयास लगाए जाने लगे थे। अब इन खबरों के बढ़ने के बाद आकांक्षा ने इन खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। बातचीत में आकांक्षा चमोला ने अपनी पोस्ट के बाद शादी में कलह को लेकर चलने वाली खबरों को खारिज किया। आकांक्षा ने कहा कि हमारे वैवाहिक जीवन में कोई समस्या नहीं है, और उस पोस्ट का गौरव से कोई लेना-देना नहीं था। मैं सोशल मीडिया पर निजी मामलों पर चर्चा नहीं करती। वह पोस्ट मेरी आने वाली सीरीज के प्रमोशन के लिए थी। इसका अलग-अलग अर्थ निकाला जा सकता था, लेकिन इसे बेवजह बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। मेरा वैवाहिक जीवन स्थिर है और पोस्ट का निजी जीवन से कोई संबंध नहीं है।



***हमारे बीच कोई तुलना नहीं*** : ऑनलाइन ट्रोलिंग को लेकर आकांक्षा ने कहा कि मैं इस समय ट्रोलिंग की क्वीन बनी हुई हूं। मैं हमेशा से इस विषय पर खुलकर बोलती रही हूं। गौरव थोड़ा सतर्क हैं क्योंकि वह मेरी इमेज की रक्षा करना चाहते हैं। हमारे बीच उम्र का अंतर है और वह मेरी बात समझने के लिए काफी समझदार हैं। मैंने साफ तौर पर कहा है कि मैं मातृत्व को नहीं चुनती। यह मेरा निजी फैसला है और मुझे इसे किसी के सामने सही ठहराने की जरूरत नहीं है।

# रहमान ने अपने बयान का किया बचाव और कहा, 'दुनिया के साथ यही दिक्कत है...'

मुंबई। एआर रहमान 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए शो में नजर आए। यहां उन्होंने फिल्म 'गांधी टॉक्स' के बारे में बात की। उन्होंने इंडस्ट्री में काम मिलने वाले अपने बयान की तरफ भी इशारा किया। संगीतकार एआर रहमान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में काम मिलने पर दिए गए अपने बयान को लेकर चर्चा में हैं। पिछले महीने उन्होंने यह कहकर सबका ध्यान खींचा था कि हाल के दिनों में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री 'सांप्रदायिक' हो गई लगती है। बाद में उन्होंने कहा कि उनके बयान को गलत तरह से लिया गया। अब उन्होंने कहा कि कोई भी संदेश आगे बढ़ने पर बदल सकते हैं।

***बयान पर क्या बोले एआर रहमान*** : एआर रहमान 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड में नजर आए। यहां उन्होंने कहा 'यह देखना दिलचस्प है कि जानकारी कैसे गलत समझी जाती है। अलग राज्य और अलग संस्कृति का असर पड़ता है। दुनिया के साथ यह दिक्कत है कि कोई भी संदेश बीच में ही खराब हो जाता है।'



## 'गांधी टॉक्स' पर बोले रहमान

*एआर रहमान शो में अपनी नई फिल्म 'गांधी टॉक्स' के बारे में बात करने के लिए आए थे। इस फिल्म का निर्देशन किशोर बेलेकर ने किया है। इसमें विजय सेतुपति और अदिति राव हैदरी ने अहम किरदार निभाया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए संगीतकार ने कहा कि बिना डायलॉग वाली फिल्म में काम करने में आजादी भी थी और दबाव भी था। उन्होंने कहा 'अगर किसी फिल्म में आवाज नहीं है तो यह संगीत के लिए जश्न है। आपके पास संगीत बनाने के लिए बहुत मौका है। हालांकि यह परेशान करने वाला भी है कि लोग आपको जज करेंगे।'*

## क्या बोले थे रहमान?

*एआर रहमान ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क के साथ बातचीत में बताया था कि पिछले आठ वर्षों में उन्हें हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कम काम मिला है। उन्होंने इसकी वजह बताते हुए कहा 'शायद पिछले आठ वर्षों में पावर शिफ्ट हुआ है। अब पावर उन लोगों के पास है जो क्रिएटिव नहीं हैं। यह कोई सांप्रदायिक बात भी हो सकती है... लेकिन यह मेरे साथ नहीं हुआ।' उनके इस बयान पर कई सेलेब्स ने प्रतिक्रिया दी थी। इसके बाद रहमान ने सफाई दी थी।*

## इस बार अवॉर्ड फंक्शन को कॉमेडियन ट्रेवर नोआ कर रहे हैं होस्ट

# अब तक कई भारतीयों को मिल चुका है ग्रैमी अवॉर्ड

*मुंबई। 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स भारत में सोमवार को देखने को मिलेंगे। इस बार कई भारतीयों को नॉमिनेशन मिला है। लेकिन इससे पहले जानते हैं उन भारतीयों के बारे में जिन्होंने अब तक ग्रैमी अवॉर्ड जीता है। संगीत जगत के सबसे बड़े अवॉर्ड ग्रैमी अवॉर्ड का आयोजन 1 फरवरी को लांस एंजिल्स के क्रिप्टो कॉम एरिना में किया गया। इस अवॉर्ड में भारत की भी नजरें लगी हुई हैं। क्योंकि अनुष्का शंकर समेत भारत की ओर से संगीतकार सिद्धांत भाटिया, शक्ति और पियानो वादक एवं संगीतकार चारू सूरी को भारतीय संगीत में उनके योगदान के लिए नामित किया गया है। इनमें से कौन ये अवॉर्ड अपने नाम करेगा, इसका तो समय आने पर ही पता चलेगा।*



## जाकिर हुसैन को अलग-अलग कैटेगरी में चार बार मिला ग्रैमी

साल 1994 में विश्व मोहन भट्ट को बेस्ट वर्ल्ड म्यूजिक अल्बम के लिए अवॉर्ड मिला था। इसके अलावा भारत के दिग्गज तबला वादक जाकिर हुसैन को चार बार ग्रैमी अवॉर्ड मिला है। जाकिर हुसैन को पहली बार साल 2009 में बेस्ट कंटेम्पररी वर्ल्ड म्यूजिक अल्बम के लिए ग्रैमी मिला था। इसके बाद जाकिर हुसैन को साल 2023 में राकेश चौरसिया के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस के लिए ग्रैमी मिला। 2024 में जाकिर हुसैन और राकेश चौरसिया ने फिर ग्रैमी अवॉर्ड जीता। इस बार दोनों को बेस्ट कंटेम्पररी इंस्ट्रूमेंटल अल्बम के लिए ग्रैमी मिला था। 2024 में जाकिर हुसैन को फिर ग्रैमी मिला। इस बार वो शक्ति बैंड का हिस्सा थे।

## इन्हें भी मिला है अवॉर्ड

इसके अलावा कई भारतीयों ने ग्रैमी अपने नाम किया है। पीए दीपक (2 बार) (2010 और 2022) एच श्रीधर (2010) गुलजार, एआर रहमान और तन्वी शाह (2010) रिकी केज (3 बार) (2015, 2019, 2023) फैलू (2022) वी सेलवागणेश, गणेश राजगोपालन, शंकर महादेवन और चंद्रिका टंडन के भी नाम शामिल हैं। इन सभी को साल 2024 में मिला था। इस बार 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स का आयोजन 1 फरवरी रविवार को हुआ। यह अवॉर्ड फंक्शन रात 8 बजे से शुरू हुआ और 11.30 बजे (अमेरिका के समयानुसार) तक चलेगा। यह यूट्यूब और ग्रैमी अवॉर्ड्स की वेबसाइट पर लाइव स्ट्रीम होंगे। वैसे यह अवॉर्ड फंक्शन सीबीएस (ब्रॉडकास्टर) पर भी टेलीकास्ट होंगे। हालांकि, भारत में ग्रैमी अवॉर्ड को सोमवार 2 फरवरी को देखा जा सकेगा। भारत में ये 2 फरवरी सुबह 6:30 बजे से जीयो हॉटस्टार पर लाइव देखा जा सकता है। इस बार अवॉर्ड फंक्शन को कॉमेडियन ट्रेवर नोआ होस्ट कर रहे हैं। वह आखिरी बार ग्रैमी को होस्ट करने वाले हैं।

## पंडित रविशंकर पहले भारतीय

ग्रैमी अवॉर्ड जीतने वाले भारतीयों की बात करें तो सबसे पहले साल 1968 में पंडित रविशंकर ने जीता था। इसके बाद उन्हें साल 1973, 2002 और 2013 में भी ये अवॉर्ड मिला है। 2013 में ही पंडित रविशंकर को लाइफटाइम अचीवमेंट भी मिला था।